Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

HAPPY NEW YEAR 2026

दैनिक वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

HAPPY NEW YEAR 2026

वर्षः 07 अंकः 01 | गुरूवार, 01 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दिल्ली-यूपी में आज बारिश के आसार

# भीषण सर्दी के साथ नए साल का आगाज

नई दिल्ली।

नए साल 2026 की शुरूआत उत्तर भारत में भीषण ठंड और घने कोहरे से हुई। बुधवार को 300 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित रहीं, पहाड़ों पर बर्फबारी हुई और दिल्ली-एनसीआर के साथ उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं। नए साल के आगाज के साथ राष्ट्रीय राजधानी समेत समूचा उत्तर भारत भीषण ठंड से सिहर उठा है। मध्य से लेकर पूर्व और पूर्वोत्तर भारत तक ठिठुरन रही। हिमालयी राज्यों में बारिश और बर्फबारी के बाद मैदानों में बेहद सर्द हवाएं चल रही हैं। ठंड के साथ घनघोर कोहरे ने दुश्वारियां और बढ़ा दी हैं। सड़क, रेल एवं हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित होने से जिंदगी ठहर गई है। दिल्ली और श्रीनगर में 300 से अधिक उड़ानों पर असर पड़ा है। अभी राहत की उम्मीद नजर नहीं आ रही। उत्तर भारत में चार से पांच दिन घना कोहरा बना रह सकता है। दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश में बारिश के भी आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, यूपी, ओडिशा व मेघालय के कुछ हिस्सों में मंगलवार की रात से बुधवार सुबह तक घना कोहरा छाया रहा। ज्यादातर जगहों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह गई। प. बंगाल के गंगा किनारे वाले क्षेत्रों, बिहार, मध्य प्रदेश और असम के अलग-अलग इलाकों में भी घना कोहरा छाया रहा। तीखी सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि जब तापमान कम होता है, हवाएं हल्की होती हैं और नमी का स्तर अधिक होता है, तब कोहरा बनता है और दिन में अधिक देर तक रहता है। चूंकि, कोहरा सूरज की रोशनी को रोकता है, इसलिए दिन में ज्यादा ठंड महसूस होती है। दिल्ली-एनसीआर में दिनभर धूप नहीं खिलने से दृश्यता गिर गई। इसका सर्वाधिक असर ट्रेनों व उड़ानों पर पड़ा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कम दृश्यता के कारण कम से कम 148 उड़ानों को रद्द करना पड़ा, जिनमें 78 आगमन और 70 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल थीं। कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात हुआ है। इनमें बांदीपोरा का गुरेज, बारामूला का गुलमर्ग और कुपवारा का मच्छिल शामिल हैं।



**पहाड़ों में बर्फबारी से हाल बेहाल**

## ऑपरेशन सिंदूर के निर्णायक प्रहार से दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश, सरकार बोली- भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा

नई दिल्ली।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत के अटूट संकल्प का एक "मजबूत प्रमाण" है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता के साथ पाकिस्तान के आतंकी ढांचों पर "सुनियोजित और निर्णायक प्रहार" किया। इस अभियान ने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया - "भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा, और जो भी इसे प्रायोजित करेगा उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यह अभियान भारत के सैन्य इतिहास में एक निर्णायक क्षण और सैन्य सटीकता एवं राष्ट्रीय संकल्प के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा।" पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की सुबह तड़के ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसमें कम से कम 100 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। इस सैन्य कार्रवाई के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों पर सटीक मिसाइल हमलों की एक श्रृंखला शुरू की थी, जिसके परिणामस्वरूप भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों का संघर्ष हुआ




### असम में पाक स्थित आतंकी संगठन का मॉड्यूल खड़ा करने के दोषी को उम्रकैद

**नई दिल्ली।** असम में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन का माड्यूल बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। गुवाहाटी स्थित एनआइए की विशेष अदालत ने मोहम्मद कामरुज जमान उर्फ कमरुद्दीन को आतंक रोधी कानून के प्रविधानों के तहत तीन अलग-अलग सजाएं सुनाई हैं, जिनमें अधिकतम सजा आजीवन कारावास है।

## देशभर में नए साल 2026 का धूमधाम से स्वागत, पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली।

आज से नए वर्ष का आगाज हो रहा है। साल 2026 का लोगों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया है। विश्व के हर कोने में लोग एक दूसरे को शुभकामनाएं संदेश भेज रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नए साल के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने साल के पहले दी सुबह-सुबह एक्स पर पोस्ट कर देशवासियों को नए वर्ष 2026 की बधाई दी है। उन्होंने नए साल पर कामना करते हुए कहा कि ये नया साल सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सभी को 2026 की बहुत-बहुत शुभकामनाएं! आने वाला साल आपके लिए अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लाए, आपके प्रयासों में सफलता मिले और आप जो भी करें, उसमें आपको संतुष्टि मिले। हमारे समाज में शांति और खुशी के लिए प्रार्थना।



## भारतीय सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में मार गिराए 237 ड्रोन

नई दिल्ली।

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि 2025 के दौरान ड्रोन घुसपैठ की कुल 791 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें जम्मू और कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नौ घटनाएं और पंजाब और राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 782 घटनाएं शामिल हैं। मंत्रालय ने वर्ष के अंत में समीक्षा वक्तव्य में यह जानकारी दी कि पश्चिमी मोर्चे पर अपने स्पूफर और जैमर का प्रभावी उपयोग ड्रोन के खतरे को काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हुआ। इस दौरान, भारतीय सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में 237 ड्रोन मार गिराए। इनमें "पांच ड्रोन युद्ध सामग्री से भरे हुए थे, 72 ड्रोन नशीले पदार्थों से भरे हुए थे और 161 ड्रोन बिना किसी पेलोड के थे"। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के अथक प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति "पूरी तरह नियंत्रण में" है। इसने यह भी कहा कि लोगों ने विकास का मार्ग चुना है और वे सरकार तथा सेना द्वारा संचालित सभी पहलों में बड़ी संख्या में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर, मगर संवेदनशील रक्षा मंत्रालय के अनुसार, देश की उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर, लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के सभी क्षेत्रों में भारतीय सेना की तैनाती "मजबूत, सुव्यवस्थित" है और किसी भी "उभरती हुई आकस्मिक स्थिति" से निपटने के लिए तैयार है।



### कोहरे ने फीका किया नए साल का मजा, 148 उड़ानें रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में घने कोहरे ने नए साल की पूर्व संध्या पर हवाई यातायात की कमर तोड़ दी है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट पर बुधवार को दृश्यता शून्य के करीब पहुंचने से हजारों यात्रियों का नए साल का सफर दुःस्वप्न में बदल गया। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण बुधवार को 148 उड़ानें रद कर दी गईं, जबकि 350 से अधिक उड़ानें घंटों विलंबित रहीं। साल के अंतिम दिन इतनी बड़ी संख्या में उड़ानें रद होने से उन यात्रियों की छुट्टियों का आनंद फीका पड़ गया, जो अपने परिवार के साथ धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर जश्न मनाने के लिए निकले थे।




## खरगे बोले- भाजपा की लूट 2025 में हावी रही, नड्डा का पलटवार- जनता आपके झूठ को नकार चुकी है

नई दिल्ली।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर मोदी सरकार के खिलाफ "झूठ" फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि मुख्य विपक्षी पार्टी "झूठ" फैलाने से बाज नहीं आ रही है, जबकि लोग इसे एक के बाद एक चुनावों में नकार चुके हैं।

उल्लेखनीय है खरगे ने एक पोस्ट में भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी की "लूट, भ्रष्टाचार और गलत शासन" 2025 में भी देश के लोगों पर हावी रहा। नड्डा ने उसी पोस्ट पर पलटवार करते हुए खरगे से पूछा कि कांग्रेस के पास "झूठ फैलाने" के अलावा और कुछ करने को है नहीं क्या। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक पोस्ट में कह कि कांग्रेस मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में हार गई, और दिल्ली और बिहार में भी पूरी तरह से समाप्त हो गई। खरगेजी 2025 में देश के लोगों ने आपके सभी झूठों को अस्वीकार कर दिया। आपके पैरों के नीचे कोई जमीन नहीं बची है, फिर भी आश्चर्य की बात यह है कि आप अभी भी इसे मानने को तैयार नहीं हैं। नड्डा ने कांग्रेस की स्थिति पर एक हिंदी दोहे के माध्यम से कटाक्ष करते हुए "स्वयं में लिप्त" होने के बजाय आत्ममंथन करने का आग्रह किया। खरगे के 14 आरोपों का बिंदुवार खंडन करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आपने मनरेगा के बारे में झूठ बोला। आपने कहा कि इसे समाप्त कर दिया गया है और गरीबों को काम करने का अधिकार छीन लिया गया है। जबकि सच्चाई यह है कि इसे विस्तारित और मजबूत किया गया है। कार्य दिवसों की संख्या 125 कर दी गई है और भुगतान 15 दिन के भीतर सुनिश्चित किया गया है।



## संपादक की कलम से

# नए साल का समय

आज नववर्ष 2026 का सूर्योदय है। नए उजाले उग आए हैं। नए जोश, नई उम्मीद, नए लक्ष्य और नए संकल्प के साथ इन लम्हों को जीने की कोशिश करें। जो बीत गया, सो बीत गया, अतीत हो गया, उसे अंधे कुएं में जाने दें, बिल्कुल भी अफसोस न मनाएं। वह सिर्फ एक समय था और आज का समय आपके सामने, साथ है। निर्लिप्त रहने की जरूरत नहीं है। समय के साथ संलिप्त हों, क्योंकि वही सत्य है, यथार्थ है और समय खूबसूरत ही होता है। बेशक आज नफरत, सांप्रदायिकता, हिंसा, युद्धों, दंगों और अंतत: हत्याओं का दौर है, लेकिन इनके खिलाफ, नए साल के समय में, एक संकल्प लेना है। मानवीय संकल्प लेना है और उसकी शुरूआत व्यक्ति के स्तर पर ही होती है। धीरे–धीरे वह संकल्प विस्तार पाता है और फिर समय बदलता है। बाबा वेंगा की कुछ भविष्यवाणियां सामने आई हैं। उनमें से दो मानव के विनाश और विध्वंस की हैं। एक, 2026 में तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। दूसरी, नए साल में भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध की आशंकाएं जताई जा रही हैं। ऐसी रपट एक अमरीकी थिंक टैंक सीएफआर ने भी जारी की है। कश्मीर में नए सिरे से सक्रिय और फैल रहे आतंकवाद के मद्देनजर भारत पाकिस्तान को सबक सिखा सकता है। भारत ने अपनी ऐसी नीति पहले ही बयां कर दी थी कि कोई भी आतंकवादी प्रयास युद्ध माना जाएगा और अब भारत ऐसे युद्ध का जवाब देने को तैयार है। यह बाबा वही हैं, जिन्होंने अमरीका में 9/11 आतंकी हमले, सोवियत संघ के विघटन और राजकुमारी डायना की मौत की भविष्यवाणियां भी की थीं। हम ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि इस बार बाबा की घोषणाएं असत्य साबित हों और युद्ध की व्यापक और हत्यारी विभीषिकाओं की नौबत न आए। शांति की मेज पर ही समझौते हो जाएं, लेकिन रूस–यूक्रेन युद्ध से ताइवान और मध्य–पूर्व तक सामरिक तनाव पसरे हैं। समय के इन यथार्थों को कैसे नकारा जा सकता है? बाबा ने नए साल में प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक संकट की भी भविष्यवाणी की है। युद्ध और तनाव की बुनियाद में नफरत ही है, हिंसा और हत्याएं उसी भाव से उपजती हैं। ऐसे ही खतरों को भांपते हुए पेरिस, सिडनी, टोकयो सरीखे खूबसूरत महानगरों में नए साल के जश्न रद्द कर दिए गए हैं। अमरीका के लॉस एंजेलिस में 4 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे आतंकी हमले की साजिश बेनकाब हुई है। भारत समेत कई और देशों में भी अलर्ट की स्थितियां हैं। उप्र के गाजियाबाद में तलवारों की नुमाइश सजाई गई और हिंदू कार्यकताओं में तलवारें बांट कर आह्वान किया गया कि वे हिंदुओं को मारने वाली ताकतों के खिलाफ आक्रामक हो जाएं। समय के हर दौर में ऐसी आसुरी ताकतें उभरती हैं, लेकिन उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पटक दिया जाता है, जैसा उप्र में किया गया है। सीमापार, पड़ोसी बांग्लादेश में बजेन्द्र बिस्वास नामक एक और हिंदू की, गोलियां मार कर, हत्या कर दी गई। हिंदुओं की हत्याओं के सिलसिले जारी हैं। बुनियाद में नफरत और हिंदू–विरोध क्यों है? भारत और हिंदुओं ने तो बांग्लादेश की मुक्ति, आजादी में बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिया था।



ललित शर्मा
संपादक

## आतंकवाद का घिनौना रूप

**मोनिका डागा**



### ओ मेरे कान्हा

कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।

कसूरवार हो तुम क्यों ईष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम्‌ को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मनाली के 'गुप्त' स्वर्ग का दीदार, बर्फीले पहाड़ों के बीच यह झील, एडवेंचर और सुकून का बेमिसाल संगम


अगर आप भी बर्फबारी देखने के लिए मनाली की टिकट बुक करवा चुके हैं, तो आज हम आपको मनाली की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। यह जगह मनाली के पहाड़ों में छिपा हुआ कुदरत का एक नायाब तोहफा है। सर्दियों के मौसम में पहाड़ों पर घूमने का अपना मजा होता है। बर्फ से ढके पहाड़ों का दीदार करना करीब हर किसी की विश लिस्ट में होती है। इस वजह से स्नो फॉल का लुत्फ उठाने के लिए अधिकतर लोग सर्दियों के मौसम में शिमला-मनाली जाते हैं। नवंबर से लेकर फरवरी तक मनाली का दृश्य देखने लायक होता है। यहां के पहाड़ों पर लिपटी बर्फ की मोटी चादरें पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसे अनुभव दिलाती हैं। ऐसे में अगर आप भी बर्फबारी देखने के लिए मनाली की टिकट बुक करवा चुके हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। यह जगह मनाली के पहाड़ों में छिपा हुआ कुदरत का एक नायाब तोहफा है, जो अभी भी लोगों की नजरों से बची हुई है। तो आइए जानते हैं इस खूबसूरत जगह के बारे में...

**बेमिसाल है चंद्रा नदी की खूबसूरती**

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति क्षेत्र से बहने वाली चंद्रा नदी एक बेहद खूबसूरत नदी है। यह नदी हिमाचल प्रदेश में चंद्रताल झील से निकलती है। यह लेक हिमाचल प्रदेश के लाहौल में करीब 4,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक अर्धचंद्राकार झील है। इसी खूबसूरत झील से चंद्रा नदी निकलती है। हालांकि अभी भी काफी कम लोगों को इस नदी के बारे में पता है। मनाली में सिस्सू से गुजरते हुए यह नदी देखने को मिलेगी। यह नदी अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती है। यहां पर आप रिवर राफ्टिंग जैसी एक्टिविटी होती है। ऐसे में अगर आप भी मनाली घूमने के लिए जा रहे हैं, तो चंद्रा नहीं जाना न भूलें।

**आंखों को सुकून देंगे यहां के नजारे**

प्रकृति प्रेमियों के लिए चंद्रा नदी की खूबसूरती ही नहीं बल्कि फोटोग्राफी के लिए भी यह अद्वितीय जगह है। बर्फ से ढके पर्वतों के बीच से निकलती नदी का पानी शीशे की तरह चमकता है। वहीं पानी बहने की ध्वनि आपके मन को ताजगी से भर देती है। वहीं सुबह और शाम के समय जब सूर्य की सुनहरी किरणें पानी पर पड़ती हैं, तो यह अद्भुत दृश्य देखने लायक होता है। यहां का शांत वातावरण भागदौड़ से दूर ऐसी जगह जो कम को सुकून देने का काम करता है।



# नया वर्ष: आत्ममंथन, संकल्प और मोदी सरकार की अग्नि-परीक्षा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस प्रकार से अनेक चुनौतियों का सामना किया, उसी प्रकार भावी वर्ष में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कहा जाए तो साल 2026 में नरेंद्र मोदी को अनेक अग्नि परीक्षाओं से गुजरना पड़ेगा और आने वाला वर्ष राजनीतिक दृष्टि से भी भाजपा व पीएम मोदी के लिये बेहद अहम है। नया साल एक नए सवेरे की तरह है, जो हर वर्ष एक बार आता है और अपने साथ नई शुरूआत की संभावनाएं लेकर आता है। समय के साथ वह अपने चरम पर पहुंचता है और फिर धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है। यही क्रम एक निरंतर अनुभव है, जिसे इस संसार का प्रत्येक व्यक्ति अनुभव करता है। यह निरंतरता ही प्रकृति और जीवन का परम सत्य है। नए वर्ष की शुरूआत प्रत्येक व्यक्ति को पिछले साल के निरंतर प्रवाह और अनुभवों से सीख लेकर अच्छे कार्यों से करनी चाहिए। यह समय आत्मचिंतन का होता है, जब हमें अपने अच्छे-बुरे कार्यों का मूल्यांकन कर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। नए साल की शुरूआत सद्‌कर्मों, सकारात्मक सोच और स्पष्ट दिशा के साथ करना ही जीवन को सार्थक बनाता है। नया वर्ष हर व्यक्ति के लिये बीते हुए वर्ष की सफलताओं और उपलब्धियों के साथ.साथ कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करने का समय है। यह हमें अपने आप को भावी वर्ष के लिये योजना बनाने, कार्य करने तथा आगामी वर्ष के लिये नये लक्ष्य तय करने का अवसर प्रदान करता है। नये साल की शुरूआत में हर व्यक्ति को भावी वर्ष के लिये नये लक्ष्य बनाने चाहिए और उन्हें पूरा करने की रणनीति बनानी चाहिए। जिससे कि अवसरों को सफलता में बदला जा सके। यदि व्यक्ति अपने जीवन के आरंभ में ही अपने लक्ष्य निर्धारित कर लेता है, तो सफलता की दिशा स्वतः स्पष्ट हो जाती है। लक्ष्य हमें अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रयास की प्रेरणा देते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को नए वर्ष की शुरूआत में वर्ष भर के लिए कुछ स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, ताकि आने वाले समय में वह अपने लक्ष्य के लिए किए गए सत्कर्मों और प्रयासों के माध्यम से निरंतर विकास करता हुआ अपने जीवन के चरम और शिखर तक पहुँच सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में अनेक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, साथ-साथ अनेक सफलताएँ भी पायी हैं। इन सफलताओं और उपलब्धियों में मोदी सरकार को अपनी गलतियों और कमियों पर पर्दा नहीं डालना चाहिए। बल्कि अपनी गलतियों और कमियों का मूल्यांकन करके भावी वर्ष के लिये रणनीति बनानी चाहिए। जिससे कि गलतियों और कमियों को सुधारकर अवसरों में बदला जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस प्रकार से अनेक चुनौतियों का सामना किया, उसी प्रकार भावी वर्ष में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कहा जाए तो साल 2026 में नरेंद्र मोदी को अनेक अग्नि परीक्षाओं से गुजरना पड़ेगा और आने वाला वर्ष राजनीतिक दृष्टि से भी भाजपा व पीएम मोदी के लिये बेहद अहम है। 2026 में देश के 4 राज्यों- असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल तथा 1 केंद्र शासित प्रदेश- पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में भाजपा के सामने केवल प्रचार का ही नहीं, बल्कि संगठनात्मक मजबूती और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी की भी चुनौती होगी। इसी क्रम में (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चुनावी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नए वर्ष में मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित, पारदर्शी और अद्यतन बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से फर्जी, दोहरे या मृत मतदाताओं के नाम हटाकर वास्तविक और पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करना निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद को मजबूत करता है। इन पाँच चुनावी क्षेत्रों में भाजपा की स्थिति अलग-अलग है। असम में पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार है, जबकि पुडुचेरी में गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ है। इन दोनों स्थानों पर सत्ता को बनाए रखना भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं जहाँ भाजपा अपने संगठन का विस्तार कर राजनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश कर रही है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल भाजपा की रणनीति का प्रमुख केंद्र बनता दिखाई दे रहा है। यहाँ राष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से निष्पक्ष मतदान और जागरूक मतदाता पर जोर देना पार्टी की चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा हो सकता है। असम और पश्चिम बंगाल में लंबे समय से यह चिंता व्यक्त की जाती रही है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए कथित रूप से मतदाता सूची में शामिल होकर वर्षों से मतदान करते आ रहे हैं। यदि ऐसा है, तो यह न केवल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की शुचिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।



स्पष्ट है कि यदि मोदी सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और प्रभावी संप्रेषण पर ध्यान केंद्रित करती है, तो आगामी चुनावों में भाजपा को इसका राजनीतिक लाभ मिल सकता है। इन सभी राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता और असफलता सीधे–सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साख को प्रभावित करेगी। मोदी सरकार ने बीते वर्षों में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से संचालित किया है, जिनका सीधा लाभ आम जनमानस तक पहुँचा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, मुफ्त राशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की पहुँच को मजबूत किया है। वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा अनेक नई पहलें की गई हैं तथा कई महत्वपूर्ण योजनाओं को आरंभ और विस्तार दिया गया है। इन पहलों का उद्देश्य देश के समग्र विकास को गति देना और अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक तक विकास की पहुँच सुनिश्चित करना है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार इन योजनाओं को केवल घोषणा तक सीमित न रखे, बल्कि उन्हें प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से उनकी तार्किक परिणति तक पहुँचाए और ठोस, सकारात्मक परिणाम सामने लाए। वर्ष 2025 में मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए बीते वर्षों में लागू हुयी योजनाओं–प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा हरित ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा मिशन जैसी योजनाओं को गति देने का कार्य किया है। इन योजनाओं का उद्देश्य बुनियादी ढाँचे का सुदृढ़ीकरण, रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। साथ ही, मोदी सरकार के समक्ष यह भी चुनौती है कि शासन व्यवस्था को सभी स्तरों पर अधिक कुशल, पारदर्शी, भ्रष्टाचारमुक्त, जवाबदेह और नागरिक–अनुकूल बनाया जाए।

# चेहरे पर इंस्टेंट ग्लो चाहिए, घर पर बनाएं ये 5 जादुई फेस पैक, पार्टी रेडी स्किन मिनटों में



आज हम आपको 5 ऐसे ही बेस्ट फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं। इनको फेस पर लगाते ही आपकी स्किन ग्लो करने लगती है। अगर आपको किसी पार्टी में जाना हो या फिर डेट पर जा रही हैं, तो इन फेस पैक्स को लगाने से आपकी स्किन निखरने लगती है। इंस्टेंट ग्लो पाने का सबसे अच्छा तरीका चेहरे पर फेस पैक लगाना है। फेस पैक बनाना आसान होता है और इनको फेस पर लगाना भी आसान है। वहीं सिर्फ 15-20 मिनट में ही इसका असर नजर आने लगता है। लेकिन मार्केट से खरीदे गए फेस पैक्स में कृत्रिम रंग, केमिकल्स और सुगंध होती है। इससे स्किन पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए घर पर बने फेस पैक सबसे ज्यादा अच्छे होते हैं। वहीं आजकल सेलिब्रिटीज भी घर पर बने फेस पैक्स को चेहरे पर लगाना पसंद करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 ऐसे ही बेस्ट फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं। इनको फेस पर लगाते ही आपकी स्किन ग्लो करने लगती है। अगर आपको किसी पार्टी में जाना हो या फिर डेट पर जा रही हैं, तो इन फेस पैक्स को लगाने से आपकी स्किन निखरने लगती है, जैसे आपने अभी-अभी फेशियल करवाया हो।

**हल्दी का फेसपैक**

हल्दी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। स्किन को निखारने के लिए दादी-नानी भी अपने समय में हल्दी का इस्तेमाल किया करती थीं। इस फेस पैक में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह स्किन को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से दूर रखते हैं। यह फेस पैक बनाने के लिए आधा चम्मच हल्दी लेकर इसमें एक चम्मच गुलाबजल और थोड़ा सा दूध मिला लें। हल्दी से आपका चेहरा पीला न पड़े, इसलिए इस पैक को चेहरे पर 10-15 मिनट लगाने के बाद फेस वॉश कर लें।

**बेसन का फेस पैक**

स्किन को निखारने में बेसन भी कमाल का असर दिखाता है। बेसन के एक्सफोलिएटिंग गुण टैनिंग को दूर करते हैं। वहीं फेस पर जमी डेड स्किन सेल्स को हटाकर त्वचा को ग्लोइंग बनाते हैं। अगर आपका फेस मुरझाया लग रहा है, तो आप इस फेस पैक को लगा सकती हैं। 2 चम्मच बेसन में एक चम्मच दही और थोड़ी सी हल्दी मिलाकर फेस पर 15 मिनट के लिए अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन पर नेचुरली ग्लो आएगा।

**मुल्तानी मिट्टी फेस पैक**

फेस से चिपचिपाहट हटाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक लगा सकती हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी लें और इसमे जरूरत के हिसाब से गुलाबजल मिलाकर पैक तैयार कर लें। इसको फेस पर 15-20 मिनट लगाकर रखें और फिर चेहरे को धो लें। इससे आपके चेहरे पर चिकनाहट नहीं दिखेगी। वहीं यह फेस पैक ऑयली स्किन के लिए अच्छा है।

**टमाटर का फेस पैक**

टमाटर भी टैनिंग को कम करता है। इस फेस पैक से स्किन एक्सफोलिएटिंग गुण मिलते हैं। आप चाहें तो सादा टमाटर भी फेस पर लगा सकते हैं या फिर टमाटर के गूदे में शहद डालकर इस फेस पैक को चेहरे पर अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन खिल उठेगी।

**कॉफी का फेस पैक**

जिस तरह से कॉफी इंस्टेंट ली जाती है, उसी तरह से इंस्टेंट ग्लो के लिए भी आप कॉफी का फेस पैक बनाकर लगा सकती हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 चम्मच कॉफी पाउडर जरूरत के हिसाब थोड़ी सी हल्दी और शहद मिलाएं। फिर इस पैक को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद धो लें। इस फेस पैक लगाते समय ध्यान रखें कि आप हल्के गीले चेहरे पर इसको लगाएं, इससे लगाना आसान होगा। वहीं फेस वॉश करते समय ज्यादा तेज से स्किन को न रगड़ें, क्योंकि कॉफी स्किन को एक्सफोलिएट करता है और रगड़ने से त्वचा पर कट्स लग सकते हैं।

# बिजनौर जिला अस्पताल में फर्जी मेडिकल का खेल उजागर प्रभारी मंत्री ने कस दी नकेल

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** जिला बिजनौर के प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश कपिल देव अग्रवाल ने जिला अस्पताल में चिकित्सा प्रमाण पत्र गलत बनाए जाने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण की जांच कर दोषी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने जल निगम ग्रामीण द्वारा ग्रामों में खोदी गई सड़कों की समुचित मरम्मत न कराए जाने के कारण आमजन को हो रही भारी परेशानी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पेयजल योजना से अच्छादित ग्रामों की सूची प्राप्त कर उप जिलाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से जांच करा कर आख्या तीन दिन के भीतर उनको उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्ता परक बनाते हुए सभी स्कूलों में अच्छा एवं आकर्षित वातावरण सुरक्षित करें ताकि बच्चे पूरे शौक और स्वैच्छिक रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित हों। प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी विकास योजनाओं को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर समयबद्धता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। ताकि जन सामान्य को उनका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी अपने विभाग से संबंधित विकास तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की विवरण सहित जानकारी विधायक गणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं और उनसे विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का शुभारंभ व लोकार्पण कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं शिकायतों को अहमियत देते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें और उनको निस्तारण की सूचना भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संपादित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा आमजन के उपयोग के लिए बनाए जाने वाले शौचालयों की उपयोगिता सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि लगाये गये पेड़ों का संरक्षण अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि पूर्ण गंभीरता के साथ सर्दी के मौसम के दृष्टिगत गोवंशों के ठण्ड से बचाव एवं उनकी सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्थाएं करें और कोई भी पशु खुले में नहीं पाया जाना चाहिए। बैठक में मंत्री को विकास विभाग सहित समस्त विभागों की सभी विकास कार्यों एवं परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

# तहसील में 320 गरीब - असहाय लोगों को कंबल वितरण किए गए



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नगीना एजुकेटयूब के चेयरमैन गौतम आर मुरारका के आदेश पर द्वारिकेश समूह के बैनर तले बुधवार की दोपहर को तहसील सभा कक्ष में क्षेत्र के गरीब असहाय वृद्धाओ और विधवाओं को सलिल सलिल स्वरूपआर्य सीनियर वाइस चेयरमैन एवं उप जिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा ने संयुक्त रूप से 320 कंबल वितरण किए ! इस मौके पर उपजिला अधिकारी विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि द्वारिकेश समूह की ओर से प्रतिवर्ष कड़कडाती सर्दी से बचाव के लिए गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण कार्यक्रम होता आ रहा है, उन्होंने कहा कि गरीबों को सर्दी से बचाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है,, और इस इसके लिए समाजसेवी संस्थाओं,, व्यापारियों, और पूंजीपति लोगों को गरीबों की मदद के लिए आगे आना चाहिए ! उन्होंने यह भी कहा कि गरीब वर्ग के लोग पूंजीपतियों और समाजसेवी संस्थाओं की ओर उम्मीद लगाए रहते हैं, की कोई उनकी मदद के लिए सामने आए ! कंबल वितरण कार्यक्रम में सलिल स्वरूप आर्य सीनियर वाइस चेयरमेन, मनोज चोपड़ा डिप्टी मैनेजर प्रशासन, परविंदर सिंह बाजवा एडिशनल मैनेजर प्रशासन,, एसडीम विजय शंकर मिश्रा, तहसीलदार अमरपाल सिंह, आदि के अतिरिक्त तहसील क्षेत्र के लेखपाल सचिन कुमार, सतवीर सिंह, सत्येंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, मोहित शर्मा, प्रेमपाल सिंह, समेत कानून गो, वह तहसील का समस्त स्टाफ मौजूद रहा !

# मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सोंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर जिला अधिकारी महोदय द्वारा बालू व मिट्टी प्रतिबंधित कर रखी है। लेकिन जनपद बिजनौर की सभी तहसील के साथ-साथ मुख्य रूप से तहसील नजीबाबाद व नगीना मेंओवरलोड अवैध तरीके से दिन और रात जेसीबी तथा पॉकलेन द्वारा खनन चल रहा है। हाल ही में कोटद्वार रोड वीरु वाला से ओवरलोड व रात को चल रहे अवैध खनन के डंपर द्वारा एक किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।जिसकी शिकायत भारतीय किसान यूनियन प्रधान द्वारा पूर्व में कई बार की गई। लेकिन उप जिलाधिकारी नजीबाबाद व तहसीलदार नजीबाबाद को ज्ञापन देने पर भी कोई उचित कार्यवाही करने में असमर्थ होने के साथ फोन भी नहीं रिसीव करते हैं। जिससे जनता में काफी रोस है इन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जाए।नजीबाबाद व नगीना में कई होटलों में अनैतिक व असामाजिक कार्य हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी कार्यवाही करने में दोनों ही उपजिलाधिकारी असमर्थ हैं। हाल ही में मृतक किसान की जाँच अन्य अधिकारी द्वारा की जाय। नजीबाबाद के होटल की खबरें खूब प्रकाशित हुई लेकिन फिर भी नहीं रुका जिस्मफरोशी का धंधा और भी अनैतिक कार्य कर रहे होटलों के लिए समिति गठित कर कार्यवाही की जाय। अतः श्रीमानजी उपर्युक्त कार्यों पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन प्रधान द्वारा अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने पर बाधिय होगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। यूनियन प्रधान के( प्रदेश प्रवक्ता) जावेद राईन रामोद कुमार ( जिला अध्यक्ष ) व्यापार मंडल नीरज बालियान (तहसील अध्यक्ष) नजीबाबाद नरेंद्र सिंह (जिला मीडिया प्रभारी) रफीक कुरैशी ( नगर अध्यक्ष ) जलालाबाद मोहम्मद आमिल अंसारी ( ब्लॉक अध्यक्ष ) नजीबाबाद महफूज आफताब शमशाद हुसैन फैसल अमीर भाई फैजान अरुण कुमार आदि शामिल रहें।

# पुष्पेंद्र सिंह होंगे नए किरतपुर थाना प्रभारी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**





जनपद बिजनौर किरतपुर थाना किरतपुर में तैनात थाना प्रभारी पुष्पा देवी का स्थानांतरण कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने उन्हें साइबर सेल प्रभारी बनाया है उनके स्थान पर पुष्पेंद्र सिंह को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि० की शिकायत पर थाना प्रभारी पुष्पा देवी का स्थानांतरण हो गया है। पुलिस अधीक्षक ने उन्हें साइबर सेल प्रभारी बनाया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज बालियान द्वारा प्रदेश सरकार में स्वतंत्रता प्रभार मंत्री एंव जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि० संगठन के पैड पर लिखकर पुष्पा देवी के व्यवहार एंव कार्यशैली की शिकायत की थी। दीपक अरोड़ा द्वारा व्यापार संगठन के लैटर पैड की गई शिकायत को प्रभारी मंत्री कपिल अग्रवाल ने गम्भीरता से लिया। सुत्र बताते हैं कि शिकायत के उपरांत पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने पुष्पा देवी को व्यवहार में बदलाव लाने के निर्देश दिये थे। मगर स्थानीय स्तर पर उनका विरोधी गुट सक्रिय रहा।उल्लेखनीय है कि 27 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा बिजनौर पहुंचे थे और उन्होंने वहां प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मुलाकात करके थाना प्रभारी पुष्पा देवी की शिकायत की थी।जिसके परिणाम स्वरूप पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने मामूली फेरबदल करते हुये किरतपुर थाना प्रभारी पुष्पा देवी को हटाया और उनके स्थान पर मण्डावली के थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र को किरतपुर का थानाध्यक्ष नियुक्त किया है।थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह के सामने अवैध खनन सहित विभिन्न चुनौतियां सामने आ सकती। थाना प्रभारी पुष्पा देवी के स्थानांतरण पर व्यापारियों में हर्ष है। उ० प्र० उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा ने बिजनौर के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल का धन्यवाद किया है।

# नोटिस जारी मतदाताओं की सुनवाई आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया**



**बाड़ी धौलपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनीधि बी.टी. तथा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा द्वारा बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में शहर के भाग संख्या 222 से 234 तक नोटिस जारी मतदाताओं की सुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान कुल 140 मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से 100 मतदाता स्वयं उपस्थित होकर सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए। जो मतदाता आज की सुनवाई में उपस्थित नहीं हो सके, उन्हें अगली सुनवाई हेतु 7 जनवरी 2026 की तिथि प्रदान की गई है। उक्त तिथि को वे अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना जवाब एवं दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। सुनवाई के दौरान सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा, टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट तपेश बिधूडी सहित संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) उपस्थित रहे।

प्रशासन द्वारा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नियमों के अनुरूप संपन्न कराया गया।

# आभा आईडी बनाओ, अस्पताल की कतारों से मुक्ति पाओ

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए डिजिटल एवं गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा को विकसित किया गया है। इसके तहत वन नेशन वन हेल्थ आईडी बनाने के लिए आपको आभा आईडी बनानी होगी। इससे आपके हैल्थ से जुड़े सभी रिकार्ड फोन पर देख सकेंगे। फाइल के गुम हो जाने, चिकित्सक की पर्ची के नहीं मिलने की परेशानी से निजात मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि आभा आईडी बनाकर, अस्पतालों में लगाने वाली कतार से मुक्ति पाई जा सकती है। जिले के सभी जिला अस्पताल और उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में यह सुविधा शुरू हो चुकी है। इसके तहत आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी) होनी जरूरी है। आईएचएस पोर्टल पर आभा आईडी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने पर नागरिकों को अपने हेल्थ रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध हो सकेंगे। मरीज अपना हेल्थ रिकॉर्ड अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकता है और उपचार से संबंधित सभी दस्तावेज के गुम होने की कोई चिंता नहीं होगी तथा चिकित्सक द्वारा मरीज से पुराने हेल्थ रिकॉर्ड मांगे जाने पर तथा मरीज की सहमति के बाद डिजिटल दस्तावेज शेयर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा एवं सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आभा आईडी पंजीकरण करवाया जाना जरूरी है। आभा आईडी नागरिकों के आधार नंबर तथा जन आधार से बनाई जा सकती हैं। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने जिले के नागरिकों से अपील कि है कि वे जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाते समय असुविधा से बचने के लिए आधार या जन आधार एवं इनसे जुड़े मोबाइल नंबर साथ लेकर जावे तथा चिकित्सालय की ओपीडी पंजीकरण के लिए आभा आईडी बनाकर पंजीकरण करवाए और चिकित्सालय में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके आभा आईडी के माध्यम से ओपीडी रजिस्ट्रेशन करवाए और अपनी बारी आने पर चिकित्सक से उपचार करवाएं।







# श्रद्धेय अटल का जीवन दर्शन राष्ट्र के लिए प्रेरणापुंज : योगेंद्र उपाध्याय

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अटल स्मृति गोष्ठी बुधवार को नगर निगम सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, प्रदेश सह-संयोजक (शिक्षक प्रकोष्ठ) यदवेन्द्र प्रताप सिंह एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने संयुक्त रूप से अटल जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया

वहीं मुख्य अतिथि योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अटल जी मात्र एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युगपुरुष थे जिन्होंने भारतीय राजनीति को शुचिता और सुशासन का नया मार्ग दिखाया। वहीं मंत्री ने पोखरण परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि अटल जी के साहसी नेतृत्व ने दुनिया के प्रतिबंधों की परवाह किए बिना भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया। वहीं उन्होंने कहा स्वर्णिम चतुर्भुज और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की चर्चा करते हुए कहा कि अटल जी ने ही देश को सड़कों के माध्यम से जोड़ने का सपना देखा था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने उनके वैश्विक कूटनीति के कौशल पर प्रकाश डाला। वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी ने ग्रामीण विकास के प्रति अटल जी के विजन को अतुलनीय बताया। महापौर विनोद अग्रवाल ने अटल जी के मथुरा से गहरे जुड़ाव के संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर, उपसभापति मुकेश सारस्वत, कमला प्रसाद, पार्षद बाल किशन चतुर्वेदी, संजय शर्मा, कुंज बिहारी चतुर्वेदी, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, अंकुर अग्रवाल, विजय शर्मा, नितिन चतुर्वेदी, हरिओम शर्मा, प्रमोद बंसल पार्षद विकास दिवाकर, पार्षद हनुमान गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि हेमंत खंदौली आदि मौजूद रहे।

## सहेर ने स्वर्ण पदक पा कर टॉप किया एम. फिलक्लिनिकल साइकोलॉजी में

**झांसी!** झाँसी की सहेर, ने गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (जीएमसीएच), चंडीगढ़ से क्लिनिकल साइकोलॉजी में एम.फिल पूरी की है, जिसका



परिणाम घोषित हो चुका है, जहां उन्होंने प्रथम स्थान, प्रथम श्रेणी और डिस्टिंक्शन के साथ सफलता प्राप्त की। आगामी दीक्षान्त समारोह में वह स्वर्ण पदक से सम्मानित होंगी। अपने कठोर क्लिनिकल प्रशिक्षण के दौरान, उन्होंने डिप्रेशन, एन्साइटी डिसऑर्डर, ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी), बाइपोलर डिसऑर्डर और सिजोफ्रेनिया जैसी विभिन्न मानसिक स्थितियों के साथ काम किया।

# गीता शोध संस्थान एवं मंगलायतन विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी (उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद) और अलीगढ़ का मंगलायतन विश्वविद्यालय भविष्य में ब्रज की संस्कृति संरक्षण और संवर्द्धन के ध्येय से कला, साहित्य व सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन एक दूसरे के यहां करेगा।

इस संबंध में आपसी सहयोग का एक महत्वपूर्ण समझौता पत्र (एमओयू) हुआ है। इस एमओयू के अंतर्गत गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में रासलीला सीखने वाले प्रशिक्षु एवं मंगलायतन विवि के विद्यार्थी परस्पर शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। दोनों जगह अभिनय एवं रंगमंचीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। रासलीला मंचन, ब्रज संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ तथा श्री कृष्ण चित्रांकन शिविर आदि दोनों जगह आयोजित किए जाएंगे। गीता से जुडें प्रेरक कार्यक्रम भी मंगलायतन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप अन्य कार्यकलाप भी होते रहेंगे।

एमओयू के अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ के रजिस्ट्रार ब्रिगेडियर सुमेरवीर सिंह एवं कला संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम रानी के अलावा गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के निदेशक दिनेश खन्ना तथा संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने हस्ताक्षर कर एमओयू को औपचारिक रूप दिया। गीता शोध संस्थान के समन्वयक श्री सिकरवार ने बताया कि ब्रज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन एवं शैक्षणिक प्रसार की दिशा में यह एमओयू महत्वपूर्ण पहल है।

## सार संक्षेप

### सपरिवार गिरिराज परिक्रमा पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का गोवर्धन चेयरमैन ने किया स्वागत



**मथुरा/गोवर्धन।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सपरिवार पैदल गिरिराज महाराज की परिक्रमा करते हुए गोवर्धन पहुंचे। इस अवसर पर परिक्रमा मार्ग स्थित गोवर्धन नगर पंचायत चेयरमैन के निवास पर उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। गोवर्धन नगर पंचायत की चेयरमैन श्रीमती प्रभा देवी शर्मा एवं उनके पति द्वारा मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का दुपट्टा व शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मनीष लंबरदार, सभासद सुरेंद्र गुप्ता ह्यबिरजो भैयाह्ण एवं अमित गोस्वामी भी उपस्थित रहे और उन्होंने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान जब मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को यह जानकारी दी गई कि चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा का मायका राजस्थान के भरतपुर जनपद के ग्राम खेड़ा ब्राह्मण में है, तो उन्होंने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनत्व का भाव प्रकट किया। मुख्यमंत्री के आगमन से परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, सम्मान एवं आत्मीयता से परिपूर्ण रहा।

### नववर्ष की पूर्व संध्या पर डीएम और एसएसपी ने किया बिहारी जी मन्दिर क्षेत्र का निरीक्षण



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने नववर्ष की पूर्वसंध्या पर वृन्दावन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी जी मंदिर तथा आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने श्री बांके बिहारी जी मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों एवं गलियों में पैदल गश्त किया। उन्होंने मंदिर के प्रवेश एवं निकास द्वारों का जायजा लिया। उन्होंने आगामी नव वर्ष में श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से श्रद्धालुओं की संख्या का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मंदिर में श्रद्धालुओं को निरंतर चलायमान रखे। श्रद्धालुओं को एकत्रित न होने दे। श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात आदि व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु पुलिस-प्रशासन कटिबद्ध है। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, एसपी क्राइम अवनीश कुमार मिश्रा, एसपी यातायात मनोज कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर संदीप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की महाकाल यात्रा पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने जताया ऐतराज

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** न्यू ईयर के जश्न को पहले ही ह्यहरामह्ण बता चुके मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने अब बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा को लेकर तीखा बयान देकर नई बहस छेड़ दी है। उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर मौलाना ने आपत्ति जताते हुए इसे शरीयत के खिलाफ करार दिया है। आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना रजवी ने बयान जारी कर कहा कि मुस्लिम महिला का किसी अन्य धर्म की पूजा-पद्धति अपनाना इस्लाम के उसूलों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि मंदिर में जल चढ़ाना और धार्मिक रीति-रिवाज निभाना ह्यगुनाहह्ण के दायरे में आता है। मौलाना ने अभिनेत्री से इस पर तौबा करने और कलमा पढ़ने की बात भी कही। मौलाना ने आगे अपने बयान में यह भी जोड़ा कि जैसे न्यू ईयर का जश्न मनाना मुसलमानों के लिए जायज नहीं है, उसी तरह गैर-इस्लामी धार्मिक परंपराओं में शामिल होना भी स्वीकार्य नहीं।

# कबाड़े की दुकान की आड़ में चल रहा था अफीम का धंधा



वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** जिले में नशे के सौदागरों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। भमोरा पुलिस और एएनटीएफ यूनिट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 3.5 किलो अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को रंगे हाथों दबोच लिया। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी जा रही है। आरोपी इसे पंजाब की पार्टी को सप्लाई करने की फिराक में थे।

मंगलवार रात मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस टीम ने मकरंदपुर हनुमान मंदिर चौराहे के पास चेकिंग शुरू की। चंपतपुर जाने वाली सड़क पर दो युवकों की संदिग्ध हरकतों ने पुलिस को चौकन्ना कर दिया। घेराबंदी कर जब तलाशी ली गई तो दोनों के पास से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फैसल खान उर्फ अर्शी और आलिम के रूप में हुई है, दोनों बदायूं जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में फैसल ने बताया कि वह कबाड़े की दुकान चलाता है और वहीं से यह नशे का सौदा शुरू हुआ। दोनों ने ज्ञान नाम के शख्स से डेढ़ लाख रुपये किलो के हिसाब से अफीम खरीदी थी। अब इसे पंजाब में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3650 रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

# आईवीआरआई में बीवीएससी एवं एएच बैच-2020 का शपथ ग्रहण समारोह

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** भाकृअनुप-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्जतनगर में बी.वी.एससी. एवं ए.एच. (बैच-2020) के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक एवं कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने की, जबकि मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के कृषि शिक्षा विभाग के सहायक महानिदेशक डॉ. अजीत सिंह यादव रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. अजीत सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पशुपालन एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। पशुपालन क्षेत्र कृषि सकल मूल्य में लगभग 31 प्रतिशत और राष्ट्रीय सकल मूल्य में करीब 5.5 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत विश्व में दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है, जिसमें पशु चिकित्सकों की अहम भूमिका है। उन्होंने नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि परिणाम-आधारित शिक्षा, कौशल विकास, संचार दक्षता, डिजिटल साक्षरता और आजीवन अधिगम आज की आवश्यकता है। पशु चिकित्सकों को आधुनिक तकनीकों, सटीक निदान, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन और उन्नत पशु स्वास्थ्य प्रणालियों को अपनाना होगा। अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक एवं कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि वर्ष 2015 से आईवीआरआई को बी.वी.एससी. एवं ए.एच. कार्यक्रम लागू करने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसे संस्थान ने सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह दिन केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने का है। डॉ. दत्त ने कहा कि 'डॉक्टर' शब्द सम्मान और विश्वास का प्रतीक है, इसलिए नवस्नातकों का आचरण सदैव व्यावसायिक, नैतिक और संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने डिजिटल शिक्षा अवसंरचना, स्मार्ट कक्षाओं, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्वयं पोर्टल और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को समय की आवश्यकता बताया। संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एस. के. मंदिरत्ता ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पशु चिकित्सा एक सेवाभावी और परोपकारी पेशा है। पशुओं की अच्छी देखभाल के माध्यम से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने बताया कि यह बैच कोविड-19 महामारी के दौरान शिक्षा प्राप्त करने वाला रहा, जिसने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की। विद्यार्थियों ने कुल 81 क्रेडिट अर्जित किए, जिनमें 50 थ्योरी और 31 प्रायोगिक क्रेडिट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस बैच के लगभग सभी विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। कई छात्र निजी क्लीनिक, पशु चिकित्सा सेवाओं और स्टार्टअप से जुड़ रहे हैं, जबकि अनेक विद्यार्थियों ने आईसीएआर की प्रवेश परीक्षाओं में शीर्ष 100 रैंक हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

# न्यू ईयर की खुशियां मनाने से पहले थम गईं दो दोस्तों की सांसें

वेलकम इंडिया/खालिद खान



■ नैनीताल जाते समय ट्रॉली से टकराई बाइक, मौके पर ही हुई मौत

**बरेली।** नए साल की खुशियां मनाने निकले दो युवकों की जिंदगी नैनीताल हाईवे पर हमेशा के लिए थम गई। बहेड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए एक दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मुंडिया टोल प्लाजा से पहले हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली से उनकी बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मृतकों की पहचान बहेड़ी के मोहल्ला गोदाम निवासी मोहम्मद सैफ (20 वर्ष) पुत्र सलीम और मोहम्मद महताब (23 वर्ष) पुत्र लईक अहमद के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से नैनीताल नए साल का जश्न मनाने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही काल ने उन्हें अपनी आगोश में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार सामान्य थी और दोनों युवक हेलमेट पहने हुए थे, इसके बावजूद ट्रैक्टर ट्रॉली से हुई सीधी टक्कर ने सब कुछ खत्म कर दिया। टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवकों के सीने में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद नैनीताल हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही बहेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही मोहल्ला गोदाम पहुंची, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घरों में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार वालों का कहना है कि दोनों युवक खुशी-खुशी नए साल का जश्न मनाने निकले थे, किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी यात्रा होगी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रैक्टर ट्रॉली की भूमिका, हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था और टक्कर के हालात की पड़ताल की जा रही है।

# डिप्टी कलेक्टर ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएचसी का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गुरसरांय (झांसी)।** डिप्टी कलेक्टर गरौठा सुनील कुमार ने बुधवार दोपहर 2:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर गरौठा सुनील कुमार ने दवा वितरण कक्ष,एक्स-रे रूम,इंजेक्शन रूम,ओपीडी कक्ष सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को दी जा रही सुविधाओं,दवाओं की उपलब्धता तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय अस्पताल में मौजूद मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानी गईं।निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर सुनील कुमार ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर ओपी राठौर को निर्देशित किया कि अस्पताल में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा मरीजों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलना चाहिए। निरीक्षण के बाद संबंधित स्टाफ को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

# नव वर्ष को लेकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की सघन चेकिंग

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़ गढ़।** नव वर्ष के अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से गढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान गढ़ कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट के नेतृत्व में प्रमुख चौराहों व मार्गों पर संचालित किया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने ब्रेथ एनालाइजर की सहायता से वाहन चालकों की जांच की।

शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। साथ ही, पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया।

कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि नव वर्ष के दौरान सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि शराब पीकर वाहन न चलाएं और सुरक्षित तरीके से नव वर्ष का आनंद लें।पुलिस के इस अभियान से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है।

## भाजपा जिला कोषाध्यक्ष से 13 लाख की ठगी

**बरेली।** कैनविज कंपनी मल्टी-करोड़ ठगी घोटाले ने एक बार फिर सनसनी फैला दी है। इस बार ठगी का शिकार बने हैं भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष और बीआर गुप्ता अस्पताल के संचालक मनोज कुमार गुप्ता, जिन्होंने अपनी पत्नी के साथ 13 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। शिकायत के आधार पर थाना किला में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना किला क्षेत्र के किला छावनी निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व योगेंद्र गंगवार, यतेंद्र गंगवार और कुछ अज्ञात लोग उनके पास पहुंचे। उन्होंने खुद को कैनविज कंपनी के टॉप लीडर बताते हुए निवेश का लालच दिया।

# ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार गौरव सिंह ने नववर्ष पर कराई साफ-सफाई




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के गांव अटूटा में नववर्ष के अवसर पर ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार गौरव सिंह ने गांव अटूट में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलवाया। इस अभियान के तहत गलियों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों एवं रास्तों की सफाई कराई गई, जिससे गांव में स्वच्छता का संदेश गया। गांववासियों ने इस पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि ह्लअगर प्रधान ऐसा हो, तो गांव की तस्वीर बदल सकती है। प्रधान होना चाहिए तो गौरव सिंह जैसा। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव से पहले ही जनहित में कार्य करना गौरव सिंह की कार्यशैली और सोच को दर्शाता है।

इस अवसर पर गौरव सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से गांव को साफ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

# फसाद करना कमाल नहीं माफ करना कमाल है: मौलाना महमूद मदनी

- फिजूल खर्ची कम कर अपने बच्चों को तालीम के जेवर से नवाजे
- समाज में फैली बुराइयों को दूर करने व दहेज मुक्त समाज बनाने का करें प्रयास





**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के मदरसा जामिया बदरुल उलूम में सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में विश्व प्रसिद्ध धर्मगुरु मौलाना महमूद मदनी ने शिक्षा पर जोर देने के साथ ही फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाने और नशे से दूर रहने के साथ ही झगड़े फसाद खत्म करने की अपील की। जलसे में दर्जनों छात्रों की दस्तार बंदी की गई। इस दौरान जल से में हजारों लोग मौजूद रहे।

बुधवार को क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत के मदरसा जामिया बदरुल उलूम में सालाना जलसा का आयोजन किया गया जलसों को खिताब करते हुए विश्व प्रसिद्ध धर्मगुरु मौलाना महमूद मदनी ने फरमाया कि आज के समय में गमी और खुशी में ऐसी रस्मों को अंजाम दिया जाता है जो इस्लाम के खिलाफ है। हम सब लोगों को मिलकर समाज को दहेज मुक्त बनाना होगा। फिजूल खर्ची पर हो रहे सूरत ए हाल पर काबू पाना बहुत जरूरी है। देश में करोड़ों ऐसे बच्चे हैं जो माली हालत के चलते तालीम हासिल नहीं कर पा रहे हैं, हम लोग फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाकर अपने बच्चों को तालीम के जेवर से नवाज सकते हैं। उन्होंने फरमाया कि फसाद करना कमाल नहीं है, माफ करना कमाल है। उन्होंने जलसे में आए लोगों से आपस के झगड़ों को समाप्त करने की अपील की। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना मुफ्ती अफ्फान साहब ने फरमाया कि आज का नौजवान नशे की लत में बुरी तरह से घिर चुका है, हम सब लोगों को समझ में फैली बुराइयों को एकजुट होकर दूर करना होगा। मौलाना अब्दुल मालिक मुगेसी ने फरमाया कि हम लोगों को अपने कामों के साथ ही दीन पर भी मेहनत करनी होगी। हमें तालीमी मैदान में अपने कदम बढ़ाने होंगे, तालीम के रास्ते पर चलने में ही हम सब लोगों की कामयाबी है। सूफी मोइनुद्दीन साहब ने जलसे को खिताब करते हुए फरमाया कि कुरान में आया है कि सबसे बेहतरीन काम वह है जिससे दुनिया में भी भलाई हो और अल्लाह भी खुश हो जाए, अगर हम लोग ईमान वाले बनकर जिंदगी गुजारेंगे तो कामयाबी हमारे कदम चूमेगी। जलसे में 21 छात्रों की दस्तारबंदी की गई। जलसे की सदारत हजरत मौलाना मोहम्मद आकिल साहब व निजामत मौलाना मुफ्ती तैय्यब साहब ने की। जलसे में विश्व प्रसिद्ध धर्म गुरु मौलाना महमूद मदनी के द्वारा देश में अमन चैन के लिए दुआ कराई गई। इस दौरान मौलाना मुफ्ती इमरान साहब, मौलाना हारून साहब, मौलाना सादिक, कारी दिलशाद, मास्टर शाह आलम, मौलाना तौकीर, मौलाना उमर सहित मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग मौजूद रहे।

## झगड़े निपटाने घर घर जायेगी कमेटी

**कांधला।** मदरसा जामिया बदरुल उलूम में आयोजित जलसे में विश्व धर्मगुरु मौलाना महमूद मदनी ने जलसे में आए लोगों से अपील की गई थी सभी लोग अपने लड़ाई झगड़े को आपस में बैठकर निपटा लें, झगड़ों को निपटने के लिए उन्होंने हजरत मौलाना आकिल साहब से एक कमेटी बनाकर गांव-गांव में पहुंच कर कमेटी के माध्यम से विवादों को समाप्त कराए।

## जमीयत उलेमा ए हिंद जला रही शिक्षा की अलख

मदरसा जामिया बदरुल उलूम के प्रबंधक हजरत मौलाना आकिल साहब ने जलसे में आए आस पास व दूर दराज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जो लोग माली हालत के चलते अपने बच्चों को शिक्षा हासिल कराने में असमर्थ साबित हो रहे हैं उन लोगों के लिए जमीयत उलेमा ए हिन्द के द्वारा शिक्षा के निशुल्क इंतजाम किए गए हैं।



## सैकड़ों पुलिस कर्मी रहे तैनात

कांधला मदरसा जामिया बदरुल उलूम में आयोजित हुए सालाना जलसे में मदरसे की ओर से चार दर्जन से भी अधिक वॉलिंटियर लगाए गए थे, साथ ही सैकड़ो की संख्या में पीएसी के जवान और पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे पुलिसकर्मी और वॉलिंटियर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही जलसे में आने वाले लोगों को गाइड कर रहे थे।

## थाना प्रभारी सतीश कुमार लगातार करते रहे पेट्रोलिंग

जमीयत उलेमा ए हिंद के सालाना जलसे में आस पास के क्षेत्र व दूर दराज से आए हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जाम की स्थिति बनी रही। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सुबह सात बजे से लेकर शाम के छह बजे तक अपनी टीम के साथ गांव गढ़ी दौलत डेरा जमाए रखा, पुलिस के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही थी, पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद जाम में फंसे वाहनों को उनके गंतव्य की ओर रवाना किया।

## सार संक्षेप

### बिजली बिल राहत योजना का प्रथम चरण समाप्त



**संत कबीर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना बिजली बिल राहत योजना का प्रथम चरण आज समाप्त हो गया यह जानकारी बिजली विभाग उपखंड कार्यालय मेहदावल के उपखंड अधिकारी अभय कुमार सिंह ने दिया है उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना बिजली बिल राहत योजना प्रथम चरण आज समाप्त हो गया इस योजना के अंतर्गत बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं ने सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाया और जो उपभोक्ता इस योजना में शामिल नहीं हो पाए है उनके लिए अभी दूसरा और तीसरा चरण अभी बाकी है जो फरवरी चलेगा एक सवाल के जवाब में उपखंड अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में आजतक उपभोक्ताओं द्वारा पंद्रह करोड़ सत्तर लाख रुपए जमा किए गए और 14881 ड्ड३२ हुआ और 71816 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है उपखंड अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई इस जनकल्याणकारी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया गया जिससे कि कोई भी बकायेदार उपभोक्ता इस योजना से वंचित न रह जाएं वही अवर अभियंता गणेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया और गावों और चौराहों पर कैंप का भी आयोजन किया गया की किसी बकायेदार उपभोक्ता को कोई असुविधा न होने पाए उन्होंने बताया कि इस योजना का दूसरा और तीसरा चरण अभी बाकी है उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील किया कि आप लोग अपने बकाए का भुगतान कर छूट का लाभ उठाएं समय सीमा समाप्त होने के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बकायेदारों के कनेक्शन काटे जाएंगे और कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

### विधायक ने जरुरतमंदों को वितरित किया कंबल



**संतकबीरनगर।** विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी ने ठंड व शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत तहसील खलीलाबाद प्रांगण में जरुरतमंदों को 525 कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक ने ठंड से बचाव के प्रति लोगों को सतर्क एवं जागरूक करते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थानों व आवश्यकतानुसार जगहों पर अलाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित बनाई रखी जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार व नायब तहसीलदार खलीलाबाद सहित राजस्व कर्मचारी व लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

### नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर द्वारा हाई अलर्ट मीटिंग आयोजित



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा ने नव वर्ष की पूर्व संध्या के अवसर पर जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु हाई अलर्ट मीटिंग आयोजित की गई। पुलिस लाइन सभागर कक्ष की बैठक में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं संबंधित अधिकारीगण/कर्मचारीगण को गूगल मीट के माध्यम से आवश्यक-दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नव वर्ष के अवसर पर जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियम राजशेखर पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक वाचक राम आशीष यादव, पुलिस अधीक्षक पीआरओ0 दुर्गेश पाण्डेय उपस्थित रहे साथ ही साथ समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण गूगल मीट के माध्यम से जुड़े रहे।

## डॉ. राजकुमारी 'राजसी' को मिला बेस्ट सेलर ऑफ द ईयर अवार्ड 2025



**दिल्ली।** देवसाक्षी पब्लिकेशन द्वारा वर्ष 2025 में प्रकाशित पुस्तकों व लेखकों के साहित्यिक पुरुस्कारों की घोषणा की गई जिसमें कुल छः श्रेणियों में पुरस्कार घोषित किए गए। इस वर्ष का 'बेस्ट सेलरऑफ द ईयर' अवार्ड डॉ. राजकुमारी 'राजसी के बहुचर्चित उपन्यास 'सरनेम' के नाम रहा। 'सरनेम' मुख्यतः स्त्री विमर्श का उपन्यास है जिसमें नारी पक्ष को न केवल बारीकी से उभारा गया है बल्कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था पर कई प्रश्नचिह्न भी लगाए गए हैं। यह उपन्यास लेखनशैली, बनावट एवं भिन्न कथानक के कारण भी विशेष है। ज्ञातव्य है कि डॉ. राजसी का यह दूसरा उपन्यास है।

## हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



**वेलकम इंडिया**

**शुकुल बाजार अमेठी।** शुकुल बाजार क्षेत्र के रामकुमार स्मारक महाविद्यालय परिसर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में आस्था, संस्कार और संगठन की त्रिवेणी देखने को मिली। सम्मेलन में हजारों की संख्या में पहुंचे सनातन प्रेमियों ने एकजुट होकर सनातन धर्म की रक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया।

पूरा परिसर जय श्रीराम और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह सुरेश जी ने बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने कहा कि ह्लसनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक व्यवस्था है। हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि हिंदू समाज को जाति, वर्ग और क्षेत्र से ऊपर उठकर एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन परंपराएं भारत की आत्मा हैं और इनकी रक्षा हर नागरिक का कर्तव्य है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रामकुमार स्मारक महाविद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला ने सभी अतिथियों एवं सनातन प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को जागरूक करने और सांस्कृतिक चेतना को जीवंत रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर करने का संकल्प जताया।

सम्मेलन में विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश मिश्रा, उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, मां कामाख्या धाम के प्रमुख पुजारी सुरेन्द्र महराज, रामप्रताप तिवारी, शंकर बक्श सिंह, विश्व प्रकाश शुक्ला, उदय नारायण मिश्र, शेषनाथ तिवारी, दद्दन सिंह, सतीश दास जी महाराज, रमेश तिवारी, राजेन्द्र पासी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे और सनातन मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

## बिना पारदर्शिता के गोपनीय एवं मनमाने तरीके से किया गया समायोजन : अम्बिका देवी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** प्रदेश में गतिमान समायोजन -3 के तहत जनपद सन्त कबीर नगर में समयोजन प्रकिया को सम्पन्न करने का दावा किया जा रहा है। जबकि दिनांक 31 दिसम्बर 2025 तक समायोजित शिक्षकों की सूची जारी नहीं किया गया है। ।सन्त कबीर नगर के बीएसएद्वारा सरप्लस शिक्षकों एवं आवश्यकता वाले विद्यालयों की न तो सूची जारी की गयी और न ही काउंसलिंग कराई गयी । बिना पारदर्शिता के गोपनीय एवं मनमाने तरीके से समायोजन किया गया है। जबकि कई जनपदों में काउंसलिंग कराकर पूरे पारदर्शिता से समायोजन किया गया है ।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा अन्य जनपदों की तरह अपने जनपद में भी काउंसलिंग कराकर समायोजन करने की मांग बी एस ए से की गई।

जिला अध्यक्ष अंबिका देवी यादव ने कहा अभी तक सूची प्रकाशित नहीं की गयी है । सूची में कई तरह की अनियमितताएं की गयी है । जैसे 150 से कम नामांकन वाले प्रा०विद्यालयों से प्रधानाध्यापक को हटाकर पुनः 150 से कम नामांकन वाले दूसरे विद्यालयों पर प्र ० अ ० के पद पर ही पदस्थापित कर दिया गया है । जिन विद्यालयों पर समायोजन प्रथम एवं द्वितीय मे शिक्षकों को समायोजित किया गया है उसी विद्यालयों से समायोजन तृतीय में शिक्षक को हटा दिया गया है ।

उन्होंने कहा महिला शिक्षकों की अनदेखी कर दूर के विद्यालयों में समायोजित किया गया है ।टेट पास न करने का हवाला देकर शिक्षकों को रोक दिया गया है ।

## अल हिदायह ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल्स सेमरियावां में फेलिसिटेशन प्रोग्राम का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** अल हिदायह ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल्स सेमरियावां में फेलिसिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के प्रबंधक मौलाना निसार अहमद नदवी और डायरेक्टर अबरार अहमद को डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। यक़ीनन ये हमारे इलाके के लिए फख्र की बात है के यह स्कूल पिछले बीस साल से मुसलसल अपनी मंजिल की तरफ बढ़ रहा है जिसमें इन जिम्मेदारों का अहम किरदार रहा है इस मौके पर जनाब असद बस्ती साहब ने खूबसूरत कलाम पेश करके महफिल में रौनक पैदा कर दी जिला पंचायत सदस्य जनाब मोहम्मद अहमद से तालीम के हवाले से बहुत अहम और कीमती बातें की स्कूल के प्रबंधक जनाब मौलाना निसार अहमद नदवी साहब ने नम आंखों से स्कूल में संघर्षों के दिनों दे ले कर अब तक के हालात पर रौशनी डाली जनाब अर्शी अहमद ने डॉक्यूमेंट्री वीडियो के जरिए से स्कूल के शुरूआती दिनों के फोटो लोगों तक पहुंचाए जिससे लोगों को अब के स्कूल और पहले के स्कूल कैंपस में फर्क नजर आया आखिर में डायरेक्ट अबरार अहमद ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया और अंत में तौफीक अहमद साहब ने प्रोग्राम की समाप्ति का एलान किया।

इस मौके पर मोहम्मद अहमद, इकरार अहमद, इसरार अहमद, सेराज अहमद, असद बस्तवीं, आजम चौधरी, मोहम्मद मोहसिन , अजहरुद्दीन, मोहम्मद अशरफ, परवेज अहमद, अवसार अहमद लड्डू, मोहम्मद रजा, अजीज अहमद, इरशाद अहमद, मास्टर शरीफ अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने साइबर क्राइम थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की उपस्थिति में साइबर क्राइम थाना का निरीक्षण किया जिसमें सर्वप्रथम थाना स्थानीय पर सुसज्जित सलामी गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी तत्पश्चात उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों, रजिस्टरों, कार्यालय व्यवस्था, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया एवं तकनीकी संसाधनों की गहन समीक्षा की तथा साइबर अपराधों से संबंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

उन्होंने कहा कि आमजन की साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया दुरुपयोग एवं अन्य साइबर अपराधों से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों को साइबर अपराधों की जांच में आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग, साक्ष्य संकलन, पीड़ितों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन प्रियम राजशेखर पाण्डेय, साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश चौबे, पुलिस अधीक्षक वाचक रामाषीश यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ संपन्न हुआ संत श्रीपाद बाबा महाराज का 29 वां समाराधन महोत्सव

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज अकादमी के द्वारा चल रहे प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज का 29 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।प्रातः संतों व भक्तों के द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।तत्पश्चात महंतों व महामंडलेश्वरों का सम्मान किया गया।इसके अलावा निर्धनों, निराश्रितों व वृद्ध महिलाओं को ऊनी वस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।साथ ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिता व संत-ब्रजवासी-वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।

इस अवसर पर आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए चतुःसंप्रदाय के श्रीमहन्त फूलडोल बिहारीदास महाराज एवं गोरे दाऊजी आश्रम के महंत प्रह्लाद दास महाराज ने कहा कि ब्रज अकादमी के संस्थापक पूज्य श्रीपाद बाबा महाराज अत्यंत सहज व उदार संत थे।वे सभी का कल्याण चाहते थे।उन जैसे संतों से ही ब्रज मंडल की शोभा है।

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत प्रवक्ता आचार्य डॉ. रामविलास चतुर्वेदी एवं प्रख्यात साहित्यकार यूपी रत्न डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीपाद बाबा महाराज ब्रज संस्कृति के उन्नायक थे।उन्होंने अपने समूचे जीवन में लोक कल्याण के अनेकों सेवा प्रकल्प संचालित किए। जिनका निर्वाह बाबा महाराज की प्रमुख शिष्या साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया के द्वारा पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से किया जा रहा है।

श्रीराधा उपासना कुंज के श्रीमहन्त संतदास महाराज एवं ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव पूज्य श्रीपाद बाबा महाराज नर सेवा को ही नारायण सेवा मानने थे।पूज्य बाबा महाराज गौ, संत, निर्धन, निराश्रित एवं वृद्धों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे।

सन्त-विद्वत सम्मेलन में श्रीराम मंदिर के महंत आचार्य रामदेव चतुर्वेदी, श्रीमद्भागवत के प्रकांड विद्वान आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, संत प्रवर रामदास महाराज, बेरिया वन सरकार रामचंद्र दास महाराज (मौनी बाबा), डॉ. राधाकांत शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## वात्सल्य ग्राम में त्रिदिवसीय वात्सल्य महोत्सव धूमधाम से प्रारंभ हुआ

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित वात्सल्य ग्राम में त्रिदिवसीय वात्सल्य महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हुआ।महोत्सव के प्रथम दिन प्रख्यात सन्त, पद्म विभूषण साध्वी रितंभरा ने दीप प्रज्जलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया।कवि सम्मेलन में सर्वप्रथम आगरा से पधारी डॉक्टर रुचि चतुर्वेदी ने सरस्वती वंदना की।

तटपश्चात सुहाग नगरी फिरोजाबाद से आए गीतकार यशपाल यश ने अपने गीतों की सरिता बहाते हुए कहा कि- लक्ष्य जब तक कनक के हिरन हो गए। देखिए भाग्य सीता हरण हो गए।। जिनका बचपन नदी में बहाया गया, युग के कुरुक्षेत्र में वह करण हो गए।। डीग (राजस्थान) से पधारे हास्य व्यंग्य के कवि सुरेंद्र सार्थक ने श्रोताओं को गुद-गुदाते हुए कहा कि "खुले आकाश में अपनी कमाई छोड़ देते हैं। मठा से पेट भरते हैं मलाई छोड़ देते हैं। अगर तुम झूठ भी कह दो मवेशी खेत में तेरे. कड़कती ठंड में झट से रजाई छोड़ देते हैं।।"

दिल्ली से पधारे वीर रस के कवि मनवीर मधुर ने कहा कि ₹एक ध्वजवाहक सनातन परंपरा का नाम भी लगेगा तुम्हें शुद्ध स्वर्ण सा खरा। प्रेम भक्ति शक्ति वात्सल्य का ही दिव्य रूप चाहते हो तो देख लेना दीदी मां रितंभरा।।₹

आगरा से आई डॉक्टर रुचि चतुर्वेदी ने गीतों की गंगा बहाते हुए कहा कि ₹जिन चरणों में जाकर हमको स्वर्ग धारा मिल जाती है। जिनके ममतामई प्रेम को सारी सृष्टि गाती है।

# तेवर गांव में महिला जागरूकता और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** चोलापुर थानांतर्गत तेवर गांव में महिला जागरूकता और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन 31 दिसम्बर बुधवार को किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी भारत भूषण पांडेय ने किया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों,सुरक्षा और शिक्षा के प्रति जागरूक करना था कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेश चंद श्रीवास्तव, भूतपूर्व अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र एवं चुनाव प्रभारी (बलिया और प्रयागराज) और राम अवतार (अधीक्षण अभियंता,विद्युत वितरण मण्डल वाराणसी),उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में महेश चंद श्रीवास्तव ने महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा महिलाओं को खुद को सशक्त बनाना चाहिए और इसके लिए शिक्षा और सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम के दौरान राम अवतार ने महिला जागरुकता एवं सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा कि समाज में समृद्धि और समानता लाने के लिए महिला सशक्तिकरण सबसे महत्वपूर्ण कार्य है अन्य गणमान्य अतिथियों में चोलापुर थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार,शैलेंद्र गौतम (अधिशासी अभियंता,विद्युत वितरण खंड,चिरईगांव),भारत भूषण राय (अधिशासी अभियंता, नगरीय विद्युत वितरण खंड,वरुणापार),श्रीपति तिवारी (उपखण्ड अधिकारी,विद्युत वितरण उपखण्ड,आयर) एवं श्रीमती लिली (शाखा प्रबंधक,यूबीआई-लेढ़ूपुर) की उपस्थिति रहीं सभी गणमान्य अतिथियों ने महिलाओं की समस्याओं और उनके सशक्तिकरण पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा कंबल वितरण था जिसमें 1200 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भारत भूषण पाण्डेय ने कंबल वितरित किए गए सभी गणमान्य अतिथियों ने जरूरतमंद महिलाओं एवं पुरुषों को कंबल वितरण किए ग्रामसभा तेवर की ओर से विनय कुमार पाण्डेय और अशोक कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार पाण्डेय ने किया।

## मिट्टी खनन माफियाओं पर सरकारी पुलिया क्षतिग्रस्त करने का आरोप

**डिबाई।** कहावत है कि सैयां भए कोतवाल अब डर काहे का... इसका जीता जागता प्रमाण आपको कोतवाली क्षेत्र डिबाई में निर्बाध तथा बेखौफ संचालित अवैध मिट्टी खनन के रूप में देखने को मिल जाएगा। विगत लगभग 6 महीनों से निरंकुश हुए मिट्टी खनन माफिया इतने बेखौफ हो गए है कि चाहे अखबार और यूट्यूब चैनलों में खबर चले, अधिकारियों से शिकायत हो जाए, कोहरे के कारण चाहे विजिबिलिटी लगभग शून्य हो, सड़क क्षतिग्रस्त हो जाए, सरकारी पुलिया जैसे सरकारी निर्माण ध्वस्त हो जाए या फिर किसी गरीब और निरीह किसान के खेत से उसकी मर्जी और जानकारी के बिना मिट्टी खोद लेनी हो... इन खनन माफियाओं को पूरी छूट है। न इनको किसी का डर है न इनको किसी की परवाह, दम है किसी में तो रोक ले... इस पूरे घटनाक्रम के विषय में ग्राम सतोहा निवासी ओम प्रकाश द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डिबाई थाना क्षेत्र के पेशेवर अवैध मिट्टी खनन माफियाओं ने ओमप्रकाश सिंह लोधी की जानकारी के बिना उनके खेत से अवैध रूप से मिट्टी खनन कर लिया।

# पुलिस ने युवाओं को नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए किया बेहतर कार्य

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने साल के अंतिम दिन मित्र पुलिस द्वारा कराए गए विशेष कार्यों की जानकारी पत्रकारों से सांझा की।पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि जिले में बेहतर कानून व्यवस्था, अवैध नशे के काले कारोबारियों पर नकेल कसते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई, साथ ही जिला मुख्यालय में

विभिन्न मार्गों में पैनी नजर बनाने हेतु आधुनिक तकनीकी युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने,सहित 2025 में जिले की पुलिस द्वारा गुमशुदाओं की शतप्रतिशत वापसी कराई।साथ ही खोए हुए मोबाइल को भी लौटाया गया। एसपी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि एक साथ लगभग 10 किलो तक चरस पकड़ी। कुल 20.809 किलोग्राम चरस तथा 102.35 ग्राम स्मैक पकड़ी गई।जिसमें 24 अभियोग पंजीकृत किए गए तथा 37 आरोपितों की गिरफ्तारी कर जेल भेजा। गैंगस्टर एक्ट में तीन अभियोग पंजीकृत किए। पहली बार पीट एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई कराई गई है।आबकारी अधिनियम में 22 मामले दर्ज हुए तथा नौ लाख की अवैध शराब बरामद की गई। नशे की लत में लिप्त 41 नाबालिकों की काउंसिलिंग कराकर उन्हें नशामुक्त कराया गया है । एसपी ने कहा कि बागेश्वर पुलिस द्वारा 26 लाख रुपये के 130 खोए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए गए हैं। साइबर अपराधों में 18.6 लाख रुपये होल्ड करावाया गया जिसमें अब तक 10.2 लाख रुपये की धनराशि वापस कराई गई है। आपराधिक घटनाओं को रोकने और तीसरी आंख से पैनी नजर बनाए रखने हेतु जिले में 116 सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील हैं।जबकि सभी प्रमुख मार्गों में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, शराब और बारों में भी कैमरों की मदद से सड़कों में पैनी नजर बनाई जा रही है।क्राइम की घटनाएं रोकने हेतु पर्याप्त रूप से समय से सभी घटनाओं की गहन समीक्षा कराकर घटनाओं का खुलासा किया गया। वही प्रदेश मुख्यालय से मिले लक्ष्य के अनुपात में जिले में विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा बेहतर कार्य किया गया है।महिला सम्बन्धित अपराधों महिलाओ को उनके अधिकारों की जानकारी हेतु महिला हेल्पलाइन सहित सायबर टीम द्वारा भी व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। यातायात व्यवस्था ठीक करने हेतु सभी मार्गो के वाहनों में उनके पार्किंग क्षेत्र के स्टिकर चश्पा किए गए है जिससे नगर में अनावश्यक रूप से टैक्सी वाहनों की आवाजाही रोकने में सफलता मिली है।

# प्रयागराज डायट में एआरपी की अहम बैठक, सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन



**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के डायट सभागार में जनपद के समस्त अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एआरपी कार्यकारिणी का गठन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पीएसी नैनी के वरिष्ठ अध्यापक श्री मुहम्मद रिजवान ने बताया कि बैठक के दौरान श्री कमल सिंह द्वारा अध्यक्ष पद के लिए श्री मनोज कुमार पांडे के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे उपस्थित सभी एआरपी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।इसके पश्चात कार्यकारिणी समिति द्वारा श्री मनोज कुमार पांडे को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इसी क्रम में सर्वसम्मति से श्रीमती रीता शर्मा को महामंत्री तथा श्री संतलाल चौरसिया को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ स्वागत किया। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तथा जनपद में अकादमिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया।

# स्मार्ट सिटी में बड़ी कार्रवाई, संजय सरोवर का ठेका रद्द, शर्तें तोड़ने पर एजेंसी बाहर

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित संजय कम्युनिटी पोंड (अब दीनदयाल उपाध्याय सरोवर) के संचालन और रखरखाव का ठेका शर्तें न निभाने पर निरस्त कर दिया गया है। एजेंसी की लगातार लापरवाही पर बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी के बोर्ड ने कड़ा फैसला लेते हुए पुराने टेंडर को रद्द कर रिवाइज्ड आरएफपी जारी करने का निर्णय लिया। कमिश्नर सभागार में हुई स्मार्ट सिटी बोर्ड बैठक की अध्यक्षता भूपेंद्र एस चौधरी ने की।

बैठक में स्मार्ट सिटी के प्रमुख प्रोजेक्ट्स, अधूरे कार्यों और संचालन की गहन समीक्षा हुई। बोर्ड के समक्ष स्पष्ट किया गया कि फरवरी में मैसर्स मकसद बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया संचालन-रखरखाव दायित्व तय मानकों पर खरा नहीं उतर सका, जिसके चलते ठेका निरस्त करना पड़ा। संजय कम्युनिटी पोंड को स्मार्ट सिटी का फ्लैगशिप प्रोजेक्ट माना गया है। यहां पर्यटन और सामुदायिक गतिविधियों के लिए फूड कोर्ट, बोटिंग, जॉगिंग ट्रैक और मल्टीलेवल पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की जानी थीं, लेकिन प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। इसी को लेकर बोर्ड ने सख्त रुख अपनाया। बैठक में मेजर व इंटरनल सड़कों की बहाली में हो रही देरी पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई और समयबद्ध ढंग से काम पूरा करने के निर्देश दिए। लापरवाही पर जवाबदेही तय करने के संकेत भी दिए गए। द यार्ड कॉलोनी में ट्रांसफार्मर लगाए जाने का मुद्दा भी बैठक में उठा। स्मार्ट सिटी के सीईओ ने विद्युत निगम के मुख्य अभियंता से जवाब मांगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कमिश्नर ने फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

> संजय कम्युनिटी पोंड के लिए रिवाइज्ड आरएफपी तैयार कराया जाएगा। पुराना टेंडर निरस्त हो चुका है, जल्द नया टेंडर जारी होगा।
> **-संजीव कुमार मौर्य, सीईओ, बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी**

## डीएम ने तहसील सदर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**बुलंदशहर।** तहसील सदर परिसर में बने ईवीएम वेयरहाउस का जिलाधिकारी श्रुति ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव एवं सीलिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा एवं पारदर्शिता से किसी भी स्तर पर समझौता न हो तथा सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) भरत राम यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नववर्ष 2026: कर्म, करुणा और आत्मविश्वास का संदेश



नववर्ष 2026 के अवसर पर वाराणसी की बेटी और मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने समाज के नाम एक प्रेरणादायी संदेश देते हुए कहा कि नया वर्ष आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी को अपनाने का अवसर है।

विजयता सचदेवा न केवल फैशन और मॉडलिंग जगत में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी हैं, बल्कि वे सामाजिक कार्यों में भी लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण, युवाओं के आत्मविश्वास निर्माण और समाज सेवा से जुड़े कई अभियानों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है।

मॉडलिंग और फैशन इंडस्ट्री में निरंतर सफलता के साथ-साथ विजयता सचदेवा को फिल्म इंडस्ट्री से भी ऑफर मिल रहे हैं, जो उनकी प्रतिभा और मेहनत का प्रमाण है। इसके बावजूद उन्होंने अपनी जड़ों और सामाजिक सरोकारों को कभी पीछे नहीं छोड़ा। नववर्ष के संदेश में उन्होंने कहा, 2026 केवल कैलेंडर बदलने का नहीं, बल्कि सोच बदलने का वर्ष है।जब हम अपने कर्म, संयम और सेवा भाव को अपनाते हैं, तभी समाज और राष्ट्र आगे बढ़ता है।ः

विजयता सचदेवा का मानना है कि सुंदरता तब सार्थक होती है जब वह समाज के लिए उपयोगी बने। उनके इस संदेश से युवाओं को नई दिशा और सकारात्मक ऊर्जा मिलने की उम्मीद की जा रही है।

# पूर्व न्यायाधीश चंद्रभाल सुकुमार का मनाया जन्मदिन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** हाकी स्टेडियम चांदमारी स्थित लीलायतन के आवास पर पूर्व न्यायाधीश चंद्रभाल सुकुमार का 77वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गयो सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की काव्यगोष्ठी का शुभारम्भ किया गयो कार्यक्रम में सरस्वती वंदना वरिष्ठ कवि व शायर डाक्टर महेंद्र अलंकार ने कियो कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलारे लाल श्रीवास्तव पूर्व न्यायाधीश मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि हीरा लाल मधुकर मिश्र कार्यक्रम का संचालन कवि बुद्धदेव तिवारी ने किया। काव्यगोष्ठी सर्वप्रथम डाक्टर लियाकत अली जलज ने सुनाया निरखे जब नयनवा तो मन हरसे,तोहरे जन्मदिन पर गुल बरसे तो श्रोताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत कियो काव्य गोष्ठी के कार्यक्रम में कवियित्री कंचनलता चतुवेर्दी,माधुरी मिश्रा,गौतम सरस अरोड़ा सरस,वरिष्ठ कवि सुरेन्द्र बाजपेई,डाक्टर शरद श्रीवास्तव गीतकार, प्रसन्न बदन चतुवेर्दी,पंकज कुमारडाक्टर मंजरी पांडेय,संतोष कुमार प्रीत,आनंद कृष्ण मासूम अनुराग,काव्यायनी की अध्यक्षा डाक्टर लीला सुकुमार, होमियोपैथी डाक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह,अधिवक्ता रुद्र पाल श्रीवास्तव अधिवक्ता हरिहर श्रीवास्तव शंभूनाथ शास्त्री वहीं पूर्व न्यायाधीश के सुपुत्र नलिन श्रीवास्तव ने अपने पापा को शतायु होने की कामना की डाक्टर लियाकत अली जलज ने अपने काव्य के माध्यम से पूर्व न्यायाधीश चंद्रभाल सुकुमार को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

# पर्यटकों से गुलजार हुआ मिनी स्विट्जरलैंड कौसानी

**वेलकम इंडिया**



**कौसानी, दिनेश नेगी।** साल के अंतिम दिन को विदाई देने हेतु देश विदेश के सैलानी मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात कौसानी पहुँचे है ।जहां कौसानी पर्यटकों से भरा रहा ।पर्यटकों ने यहां से प्रकृति की अनुपम छटा का भरपूर लुत्फ उठाया ।थर्टी फर्स्ट मनाने हेतु विभिन्न होटल व्यवसायियों ने भी पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु वविशेष व्यवस्था की थी। हिल स्टेशन कौसानी में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष बबलू नेगी और अन्य होटल व्यवसायियों द्वारा आशक्ति आश्रम में भव्य कुमाउनी छोलिया नृत्य का आयोजन किया।

पर्यटकों ने इस पारंपरिक नृत्य का खूब आनंद लिया और कुमाउनी संस्कृति की जीवंत झलक देखी ।छोलिया नृत्य में पर्यटक मंत्रमुग्ध होते हुए खूब थिरके। सैलानियों ने होटल एसोसिएशन की इस पहल की सराहना की। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष बबलू नेगी ने बताया कि होटल एसोसिएशन द्वारा आशक्ति आश्रम में शानदार छोलिया नृत्य का मंचन किया। पर्यटक बाहर से आ रहे थे, इसलिए उन्हें कुमाउनी संस्कृति का असली स्वाद चखाने का मौका मिला। साथ ही स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और औषधीय गुणों के बारे में पर्यटकों को जानकारी देते हुए स्थानीय व्यंजनों के भोजन मांग अनुरूप प्रदान कराया जा रहा है। पर्यटकों को पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन खूब पसंद आए हैं। वही पर्यटकों ने बताया कि कौसानी की प्राकृतिक सुंदरता और यहां शांति और महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों को देखकर जो सीख मिलती है उससे मानसिक और आत्मीय रूप से शांति मिलती है।जिससे रोजमर्रा की चिंता थकान भी दूर होती है।पर्यटकों ने कुमाउनी संस्कृति से जुड़े सभी कार्यक्रमों को सराहा साथ ही यहां की आबोहवा को शहरों की अपेक्षा एक सुखद जीवन के लिए अनुपम स्थान बताया।

# अटल स्मृति दिवस में अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी के बारे में दी विस्तृत जानकारी

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** अटल स्मृति दिवस पर विधानसभा बागेश्वर का सम्मेलन सनराइज पब्लिक स्कूल घाघली छटिया में आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री संजय परिहार द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी गई।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री घनश्याम जोशी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि और भाजपा जिला प्रभारी कुंदन सिंह लटवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के माध्यम से भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की 101 जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके सिद्धांतो को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि विधायक पार्वती दास ने भी अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेई जी को एक दूरदर्शी एवं समाज सेवक बताया। जिला प्रभारी कुंदन सिंह लटवाल ने उनके प्रधानमंत्री काल में किए गए कार्य कार्य की सराहना की ।साथ ही उनकी व्यक्तित्व शैली से विपक्ष द्वारा उनकी प्रशंसा की जाती थी। तीन बार प्रधानमंत्री रहते हुए भारत को को एक सही दिशा मिली थी।

इस दौरान कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या,उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही, स्कूल प्रबंधक गोपाल सिंह किरमोलिया, किशन सिंह किरमोलिया, सभी मंडलों के अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बीएसएफ हवलदार की हार्ट अटैक से हुई मौत

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** दुग-नाकुरी तहसील के बनलेख सली गांव निवासी बीएसएफ हवलदार को 28 दिसंबर को दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई थी ।जहां उनका पोस्टमार्टम कराने के बाद बीएसएफ द्वारा उनके पार्थिव शरीर को उनके गांव लाया गया। जहाँ गांव में परिजनों के अंतिम दर्शन के बाद बुधवार को सरयू संगम तट पर सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। उनके निधन का समाचार मिलते ही गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न संगठन से जुड़े लोगों ने गहरा दुख जताया है।

बनलेख सली गांव निवासी 58 वर्षीय गोविंद सिंह कोरंगा पुत्र लक्ष्मण सिंह कोरंगा 100 बीएसएफ प्लाटून में हवलदार के पद पर पंजाब में तैनात थे ।जहां 28 दिसंबर को डयूटी के दौरान उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। अन्य साथी उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौतहो गई ।जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन और अंत्येष्टि हेतु गांव लाया गया। जहाँ बुधवार की सुबह परिजनों की अश्रुपूरित विदाई के बाद मृतक सैन्य जवान की सरयू- गोमती संगम पर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई ।सैनिक की अंतिम यात्रा औरपार्थिव शरीर को घर तक अंत्येष्टि और सैन्य सम्मान और गार्द की सलामी हेतु हेड क्वार्टर दिल्ली से सब इंस्पेक्टर राज किशोर अपने 11 सैनिकों की टीम के साथ आए है। साथ ही एएसआई जेसेद्र प्रकाश यूनिट से आए थे। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ है। सेना की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी। नायब तहसीलदार ऋतु गोस्वामी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# वनाग्नि प्रबंधन की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** वनाग्नि की प्रभावी रोकथाम एवं आगामी फायर सीजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम करना प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है ।कहा कि लोगों में चरागाह हेतु सूखे वन में आग लगाकर अच्छी घास पैदावार होने की भ्रांति रहती है, जो कि गलत अपवाद है ।अनायास जंगलों में जानबूझकर आग लगाने वालों पर पैनी नजर बनाते हुए वनाग्नि की घटना करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वनाग्नि गोष्ठियों का रोस्टर जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराया जाए, ताकि इसे ग्राम प्रधानों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया जा सके ।डीएम आकांक्षा ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने हेतु प्रेरित करने के लिए विशेष जागरूकता शिविरआयोजित किए जाने, स्वयं सहायता समूहों की मदद से पिरूल के निस्तारण को सुनिश्चित करने, पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी, वनों को आग से बचाने हेतु क्षेत्रानुसार फायर वाचरों की तैनाती, नियमित रूप से प्रत्येक बीट क्षेत्र में जंगलों में वनाग्नि की घटनाओं की जानकारी, आग लगने वाले जंगल क्षेत्र में आग बुझाने हेतु पर्याप्त व्यवस्था करने,तथा इसके लिए उचित सप्लाई चेन विकसित कर पिरूल के विपणन की संभावनाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न ने अवगत कराया कि वनाग्नि के चक्र (साइकिल पैटर्न) को देखते हुए आगामी वर्ष में वन अग्नि की घटनाओं की आशंका बनी हुई है, इसलिए विशेष सतर्कता और पूर्व तैयारी अत्यंत आवश्यक है ।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अग्निशमन कार्य में लगे किसी भी कर्मचारी के जीवन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी फायर फाइटिंग उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यक्षमता की जांच करने तथा उपजिलाधिकारियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मोबाइल में फॉरेस्ट फायर ऐप अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराने के निर्देश दिए, जिससे वनाग्नि की सूचना तत्काल दर्ज हो सके और वास्तविक समय में निगरानी संभव हो ।जिलाधिकारी ने वनाग्नि सुरक्षा समितियों को सक्रिय रखने, ग्राम स्तर पर गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने तथा वन विभाग, राजस्व, पुलिस और पंचायत विभाग के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में पिरूल हटाकर फायर लाइन बनाने, फायर सीजन से पूर्व मॉक ड्रिल कराने तथा कंट्रोल बर्निंग की पूर्व सूचना देने के भी निर्देश दिए गए ।उन्होंने कहा कि वनाग्नि की प्रत्येक सूचना आपदा कंट्रोल रूम को दी जाए तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए रिस्पांस टाइम न्यूनतम रखा जाए। असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाने की घटनाओं पर कड़ी नजर रखते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# ललित त्यागी एडवोकेट बने सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।( अनिल वशिष्ठ)।** सूचना का अधिकार आंदोलन को प्रदेश स्तर पर नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय के अंतर्गत सभासद ललित त्यागी एडवोकेट को सूचना का अधिकार कार्यकर्ता एसोसिएशन का संयुक्त सचिव (उत्तर प्रदेश) मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया तथा बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ललित त्यागी एडवोकेट ने एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक शुक्ला के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा सूचना का अधिकार कानून के माध्यम से आम नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को प्रदेश स्तर पर और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाने, पारदर्शिता को बढ़ावा देने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए वे पूरी मेहनत से कार्य करेंगे। ललित त्यागी एडवोकेट के मनोनयन पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव, कार्यशैली और प्रतिबद्धता से संगठन को नई ऊर्जा एवं स्पष्ट दिशा प्राप्त होगी।



# अमर शहीद मेजर आसाराम त्यागी के जन्मोत्सव पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर व गर्म कपड़े वितरण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** त्यागी ब्राह्मण विकास समिति, मोदीनगर के तत्वावधान में अमर शहीद मेजर आसाराम त्यागी जी के जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के छाया पब्लिक स्कूल, गोविंदपुरी, मोदीनगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए गए। शिविर का शुभारंभ चाय स्कूल के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी वं निवोक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वाइस चेयरमैन सचिन अहलावत ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं उपचार की सुविधाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।, जिनमें सभासद ललित त्यागी, शिव कुमार त्यागी, कुलदीप त्यागी, अरुण त्यागी, विशेष त्यागी, प्रशांत त्यागी भानु सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। उपस्थित अतिथियों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक सराहनीय पहल बताया। समिति द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।




# के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में उल्लास, उमंग और उत्सव के साथ वर्ष 2025 को भावभीनी विदाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में बुधवार को बीते वर्ष को विदाई देने और नववर्ष 2026 के स्वागत के उपलक्ष्य में भव्य एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं, सहायक कर्मचारियों तथा स्टाफ सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाते हुए इसे यादगार बना दिया। नववर्ष समारोह के अंतर्गत विद्यालय परिसर में अनेक मनोरंजक, खेलकूद एवं आपसी सौहार्द को बढ़ाने वाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं। शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यालय के सहायक कर्मचारियों के बीच खेले गए दोस्ताना क्रिकेट मैच ने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया। खेल भावना और आपसी भाईचारे के साथ खेले गए इस मैच में प्रतिभागियों ने भरपूर आनंद लिया और दर्शकों ने तालियों से खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

इसके साथ ही म्यूजिकल चेयर और टग ऑफ वॉर जैसे रोमांचकारी खेलों ने कार्यक्रम में अतिरिक्त रंग भर दिया। इन गतिविधियों के दौरान विद्यालय परिसर हंसी, उल्लास और जोश से गूंज उठा। सभी प्रतिभागियों ने न केवल खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, बल्कि एक-दूसरे के साथ आत्मीयता और सहयोग का परिचय भी दिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सहभोज में सभी ने मिल-जुलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया, जिससे आपसी मेल-जोल और भी प्रगाढ़ हुआ। समारोह के दौरान विद्यालय का वातावरण एक परिवार की तरह एकजुट नजर आया। बीते वर्ष की शैक्षणिक उपलब्धियों, सांस्कृतिक सफलताओं और विद्यालय की प्रगति को याद करते हुए सभी ने आने वाले नववर्ष के लिए नए संकल्प लिए। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि आपसी संबंधों को मजबूत करने और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया एवं उपप्रधानाचार्या महोदया ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने बीते वर्ष के सहयोग, समर्पण और परिश्रम के लिए सभी का आभार व्यक्त किया तथा आने वाले वर्ष को उपलब्धियों, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार से भरपूर बनाने की कामना की। उन्होंने सभी को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ ? के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही विद्यालय निरंतर नई ऊंचाइयों को छू सकता है। उत्साह, उमंग और सौहार्द से भरे इस आयोजन के साथ के.डी.बी. पब्लिक स्कूल परिवार ने वर्ष 2025 को आत्मीय विदाई दी और नववर्ष 2026 का आशा, विश्वास और नई ऊर्जा के साथ स्वागत किया।

# विधायक डॉ मंजू शिवाच ने निर्माण कार्य का लोकार्पण किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बखरवा में विधायक निधि अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025झ26 में स्वीकृत सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक डॉ मंजू शिवाच ने फीता काटकर किया।

यह विकास कार्य प्रेम पंडित के मकान से साधु की दुकान तक लगभग 140 मीटर लंबाई में संपन्न कराया गया है, जिस पर कुल 9.07 लाख (जी.एस.टी. सहित) की लागत आई है। इस निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा के साथ-साथ जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे और आमजन को बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध हों।



# रजत बने विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहसंयोजक बने

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नोएडा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रान्त अधिवेशन संपन्न हुआ। रजत को प्रदेश सहसंयोजक के दायित्व की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गई। यह जिम्मेदार इसलिए भी बड़ी है क्योंकि आज तक मोदीनगर से कोई कार्यकर्ता विद्यार्थी परिषद की प्रदेश टीम मे कार्यकारिणी सदस्य से ऊपर नहीं आ सका। रजत मोदीनगर के बिसखोर गांव के रहने वाले है। उनके पिता का अपना व्यापार है, रजत खटीक समाज से आते है। रजत ने 2017 में विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रहण कर अपनी छात्र राजनीति की शुरूआत करी थी, बाद में रजत को नगर सहमंत्री, जिला सयोजक कला मंच, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और जिला सयोजक जैसे दायित्व से नवाजा गया। रजत को जब जिला सयोजक गाजियाबाद बनाया गया था तब भी जिला समिति की तरफ से दो नाम प्रदेश टीम को दिए गए थे। प्रदेश टीम ने रजत पर



अपना विश्वास दिखाया। रजत ने मुल्तानी मल डिग्री कॉलेज में हुए अनिश्चितकालीन धरने में भी व्यवस्था संयोजक के नाते अपनी सहभागिता दिखाई थी व पूर्व में महानगर उपाध्यक्ष, जिला प्रमुख, विभाग प्रमुख जैसे दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले डॉ अमर सिंह कश्यप (असिस्टेंट प्रोफेसर बॉटनी डिपार्मेंट) एमड्ढ एम डिग्री कॉलेज को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और बहुत लम्बे समय से ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थी परिषद के काम को गति देने वाले हिमांशु नागर किल्हौड़ा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## पुलिस की कार अनियंत्रित होकर पलटी

**निवाड़ी।** कोहरे का कहर मंगलवार रात को निवाड़ी में भी दिखा। यहां गश्त कर रही निवाड़ी पुलिस की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय कार में एसएचओ समेत चार पुलिसकर्मी थे। उनकी बाल-बाल जान बची। किसी तरह कार से निकालकर थाने में सूचना दी। क्रेन की मदद से कार को निकालकर गाजियाबाद पुलिस लाइन भेजा गया। सभी पुलिसकर्मी स्वस्थ हैं। निवाड़ी एसएचओ जयपाल सिंह रावत पुलिस टीम के साथ मंगलवार देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे। थाने की माइक मोबाइल कार में एसएचओ, एक दारोगा, एक सिपाही व चालक था। करीब साढ़े 12 बजे भयंकर कोहरा हो रहा था। वे गश्त करते हुए जब डबाना के पास पहुंचें तो रास्ते में गड्ढा था, लेकिन कोहरे में गड्ढा नहीं दिखा और पहिया फंसने से कार पलट गई। चारों कार में बुरी तरह फंस गए। लेकिन पुलिसकर्मी हौसला दिखाते हुए कार से किसी तरह निकले। गनीमत रही कि कार सड़क किनारे खेत में नहीं पलटी। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने की पंचायत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** किसानों की समस्याओं को लेकर ग्राम कुम्हैड़ा में भारतीय किसान यूनियन अ के बैनर तले एक पंचायत की गई। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि करीब आधा दर्जन गांवो जैसे कुम्हेडा, रावली, निवाड़ी, पतला, ग्यासपुर, भनेड़ा, बांदीपुर की एक पंचायत की गई। जिसमें ग्रामीणो ने बताया मुरादनगर रावली सुराणा मार्ग पर ओवरलोड गान्ने के ट्रक चलने से रोजाना एक्सीडेंट हो रहे हैं, कितनी मौतें हो चुकी हैं। कितनी बार शिकायत करने के बाद भी शासन प्रशासन नहीं सुन रहा है। मोदी सूगर मिल मोदीनगर पर गन्ने का भुगतान बकाया है। बिजली के तार जर्जर हैं। ग्राम कुम्होडा में रजवाहे का पुल जर्जर हो चुका है, उसे पर रोजाना एक्सीडेंट हो रहे हैं, आदि समस्याओं के बारे में ग्रामीणों ने बताया करीब एक दर्जन ग्रामीणों ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की जल्द ही इन समस्याओं पर शासन प्रशासन ने ध्यान दिया तो क्षेत्र के क्षेत्र के किसान मजदूर मिलकर मोदीनगर तहसील पर बाद धरना प्रदर्शन करेंगे। पंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी रोहित त्यागी, युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, जिला संगठन मंत्री हरिओम त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष मुरादनगर शैंकी त्यागी, सुखबीर त्यागी सतवीर त्यागी, बृजभूषण त्यागी, नरेश कुमार, सुबोध कुमार, यतेश्वर प्रधान, नरेंद्र कुमार आदि काफी संख्याओं में लोगों ने पंचायत में भाग लिया।



## 3123 न्यू ईयर को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम ने होटलों व रेस्टोरेंट के खाद पदार्थों का किया जांच



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** 3123 एवं नववर्ष के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-कक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा सिद्धार्थ चौराहा सिद्धार्थनगर, नौगढ़ स्थित ळळऋ रेस्टोरेन्ट, कृष्णा स्वीट्स, बंगाली स्वीट्स, मायाराम स्वीट्स तथा उसका रोड, तेतरी बाजार, नौगढ़ स्थित मि0 बीन्स पिज्जा, वाव पिज्जा, दिल्ली चाट कार्नर, अल-बेक रेस्टोरेन्ट, तिरुपति बालाजी स्वीट्स, विन्नी केक्स, 7 डेज रेस्टोरेंट, बंगाली स्वीट्स, डे 2 डे काफी, मोमो मैजिक रेस्टोरेंट एवं हाइड्रिल तिराहा, नौगढ़ स्थित बंगाली स्वीट्स, उत्कर्ष बेकर्स तथा साड़ी तिराहा, नौगढ़ स्थित रूट 55 रेस्टोरेंट का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबारकताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने हेतु जागरूक किया गया।

# किसान व आढ़तियों ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** हापुड़ रोड स्थित सब्जी मंडी में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर किसान व आर्तियां ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन कृषि मंडी सचिव को सौंपा। ज्ञापन में समिति परिसर में पेयजल, शौचालय व कैंटीन सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई है। भारतीय किसान यूनियन के जिला महामंत्री एवं पूर्व नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र और पप्पू नेहरा व हापुड़ रोड स्थित सब्जी मंडी आढ़ती समिति के महामंत्री महाराज कुरैशी एवं उपाध्यक्ष डॉ वेदपाल सिंह के नेतृत्व में आरती एकत्र होकर मंडी समिति के सचिव संतशरण सिंह के कार्यालय में पहुंचे और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उन्हें सौंपा। भारतीय किसान यूनियन के नेता धर्मेंद्र नेहरा ने बताया की समिति से जुड़े किसान व व्यापारी कई बार मंडी समिति परिसर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन आज तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इन मांगों में प्रमुख रूप से मंडी समिति परिसर में आने वाले सब्जी व फल उत्पादक किसानों वी आढतियों के लिए एक विश्राम स्थल, पेयजल, शौचालय, कैंटीन व कड़ाके की सर्दी में अलाव की व्यवस्था किए जाने की मांग शामिल है। इसके अलावा सब्जी बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं व्यापारियों के लिए अलग से स्थान दिए जाने की मांग भी की गई है। इस अवसर पर धर्मेंद्र नेहरा, मेहराज कुरैशी, डॉक्टर वेदपाल, चांद कुरैशी, मनीष चौधरी विद्यापुर आदि शामिल थे।



## रबी सीजन में उर्वरक विक्रेताओं पर सख्ती, दो प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

**गाजियाबाद।** रबी सीजन की प्रमुख फसलों में उर्वरकों की टॉप ड्रेसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में किसानों को उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति के अनुरूप गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि उत्पादन एवं उत्पादकता के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके और किसानों की आय में वृद्धि हो। इसी उद्देश्य से जनपद में उर्वरकों की गुणवत्ता एवं उपलब्धता की जांच के क्रम में जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार द्वारा 29 दिसंबर को ग्राम भनैडा में क्रियाशील उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मै0 प्रवीण गिरी खाद भण्डार तथा मै0 शिव कीटनाशक एवं बीज भण्डार में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

# न्यू ईयर जश्न पर नियमों की नजर, आबकारी विभाग अलर्ट मोड में

## राजनगर के रेस्टोरेंट में अवैध शराब पार्टी का भंडाफोड़, एफआईआर दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध शराब के कारोबार और बिना लाइसेंस आयोजित की जा रही शराब पार्टियों के खिलाफ आबकारी विभाग ने न्यू ईयर से पहले युद्धस्तर पर विशेष प्रवर्तन अभियान छेड़ दिया है।

इस अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीमें दिन-रात सक्रिय रहकर होटल, बार, रेस्टोरेंट और पार्टी स्थलों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। न्यू ईयर के अवसर पर बिना लाइसेंस शराब पार्टियों के आयोजन की आशंका को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने पहले ही ठोस रणनीति तैयार कर ली थी। इसके तहत विशेष टीमें गठित कर संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई थी। क्रिसमस पर्व के दौरान एक रेस्टोरेंट पर की गई कार्रवाई के बाद विभाग ने न्यू ईयर की पूर्व संध्या पर भी सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मंगलवार देर रात आबकारी



विभाग को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि राजनगर स्थित 'द क्लॉक टॉवरज रेस्टोरेंट में बिना किसी वैध लाइसेंस के शराब पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर लाइसेंस रिकॉर्ड की जांच की गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित रेस्टोरेंट संचालक द्वारा किसी भी प्रकार का ओकेजनल बार लाइसेंस अथवा अन्य वैध अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। इसके बाद तत्काल आबकारी निरीक्षक कीर्ति सिंह एवं डॉ. राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने देर रात 'द क्लॉक टॉवरज रेस्टोरेंट पर छापेमारी की, जहां मौके पर बिना लाइसेंस के ग्राहकों को खुलेआम शराब परोसी जा रही थी। छापेमारी के दौरान रेस्टोरेंट की सघन तलाशी ली गई, जिसमें विदेशी मदिरा के विभिन्न ब्रांडों की कुल 10 बोतलें, जिनमें खुली और सील्ड दोनों प्रकार की बोतलें शामिल थीं, बरामद की गईं। बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 4.25 बल्क लीटर पाई गई। बिना ओकेजनल बार लाइसेंस के विदेशी मदिरा रखे जाने और पिलाए जाने के आरोप में मौके से कुणाल ग्रोवर पुत्र अशोक ग्रोवर निवासी नई गांधीनगर तथा अमित कुमार पुत्र लायक सिंह निवासी रुचन मानिकपुर, फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम एवं रेस्टोरेंट अधिनियम की सुसंगत धाराओं में थाना कविनगर, कमिश्नरेट गाजियाबाद में एफआईआर दर्ज कराई गई। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने बताया कि जनपद में किसी भी हाल में अवैध शराब की बिक्री, भंडारण या बिना लाइसेंस शराब पार्टी के आयोजन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यू ईयर, त्योहारों और विशेष आयोजनों के दौरान कुछ होटल, बार और रेस्टोरेंट संचालक नियमों की अनदेखी कर अवैध गतिविधियों में लिप्त हो जाते हैं, लेकिन आबकारी विभाग ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना लाइसेंस शराब पिलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ सकती है।

# कवियों की कलम से क्रिकेट के मैदान तक, सौहार्द का शानदार मुकाबला



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नंदग्राम गजप्रस्थ स्थित दीवान क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को बांके बिहारी संस्था के तत्वावधान में एक विशेष क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसने खेल के साथ-साथ आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का भी सुंदर संदेश दिया। प्रातः 11 बजे आरंभ हुए इस मुकाबले में कवि एकादश और बांके बिहारी एकादश आमने-सामने रहीं। कवि एकादश की कप्तानी स्वदेश यादव ने संभाली, जबकि अरुण शर्मा उपकप्तान रहे। वहीं बांके बिहारी संस्था की टीम की कमान आयुष उपाध्याय के हाथों में रही और जीतू अग्रवाल उपकप्तान रहे। मैच का टॉस कवि एकादश ने जीता। टॉस के अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रेलवे रोड सदस्य बाल किशन गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ संजय राय, अंकित बंसल, सुमित गर्ग और हितेश गोयल भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांके बिहारी एकादश ने 16 ओवर में 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कवि एकादश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। कवि एकादश की ओर से अरुण शर्मा के बेहतरीन खेल के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैचज चुना गया। शाम को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम को भामाशाह कप और नगद धनराशि प्रदान की गई। यह सम्मान उत्तर प्रदेश क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष श्रीमान राकेश मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन अग्रवाल और अंतरराष्ट्रीय कवि अशोक मित्तल के करकमलों से प्रदान किया गया। समारोह में खेल और साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक बांके बिहारी संस्था के अध्यक्ष मनमोहन मित्तल रहे। मैच के दौरान कमेंट्री बॉक्स में पंडित अशोक भारतीय ने मुख्य कमेंटेटर की भूमिका निभाई। उनके साथ कवि सुरेंद्र शर्मा और कवि आर.के. शर्मा ने भी कमेंट्री कर माहौल को जीवंत बनाए रखा। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक और स्थानीय निवासी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाडियों के उत्साहवर्धन के साथ संस्था के प्रयासों की खुले दिल से सराहना की। करतल ध्वनि के बीच सभी खिलाडियों को उनके सुंदर खेल के लिए बधाई दी गई। बांके बिहारी संस्था के सभी सदस्यों और खिलाडियों ने हार-जीत से ऊपर उठकर, आपसी भाईचारे और खेल भावना के साथ इस मुकाबले को खेलते हुए वर्ष 2025 को यादगार अंदाज में विदा किया।

# इंदिरापुरम को मिलेगा हरियाली का नया रूप, सौ पार्क होंगे नए सिरे से विकसित

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे इंदिरापुरम को हरित और स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम गाजियाबाद ने बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम इंदिरापुरम क्षेत्र के सौ पार्कों को नए सिरे से विकसित कराएगा। इसके साथ ही 25 सेंट्रल वर्ज और दो प्रमुख हरित पट्टियों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। इस पूरी योजना पर करीब 1.94 करोड़ रुपये की लागत आएगी। नगर निगम का उद्देश्य इंदिरापुरम को हरियाली से भरपूर और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। उल्लेखनीय है कि इंदिरापुरम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की आवासीय योजना थी, जिसे अब नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया है। हस्तांतरण से पूर्व क्षेत्र के अधिकांश पार्क बदहाल स्थिति में थे। हरित पट्टियों और सेंट्रल वर्ज की स्थिति भी काफी खराब थी। लंबे समय तक रखरखाव न होने के कारण कई स्थानों पर हरियाली लगभग समाप्त हो चुकी थी, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और पर्यावरण दोनों प्रभावित हो रहे थे। नगर निगम ने इंदिरापुरम के दिल्ली से सटे होने और यहां बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए हरियाली बढ़ाने पर विशेष जोर देना शुरू किया है। इसी क्रम में इंदिरापुरम के सभी सौ पार्कों का कायाकल्प किया जा रहा है। पार्कों में नई घास, पौधे और सजावटी वृक्ष लगाए जाएंगे। साथ ही, 25 सेंट्रल वर्ज की मरम्मत कर उन्हें हरा-भरा बनाया जाएगा। दो प्रमुख हरित पट्टियों का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण अधिक स्वच्छ और आकर्षक बन सके। नगर निगम के उद्यान विभाग प्रभारी डॉ. अनुज सिंह ने बताया कि अलग-अलग खंडों के पार्कों के लिए बजट निर्धारित कर दिया गया है। न्यायखंड-1, 2, 3 और अभयखंड के कुल 21 पार्कों के रखरखाव पर लगभग 9.41 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। अभयखंड के छोटे पार्कों के लिए अलग से बजट तय किया गया है। ज्ञानखंड-4 के 10 अन्य पार्कों पर 8.45 लाख रुपये खर्च होंगे, जबकि ज्ञानखंड-1, 3 और 4 के 14 पार्कों के लिए करीब 8.67 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, नीतिखंड, शक्तिखंड और अहिंसा खंड के 10 से अधिक पार्कों के लिए लगभग 9.83 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है।

# महापौर का जनहित में निर्णय, अब 31 जनवरी 2026 तक मिलेगा लाभ

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर निगम क्षेत्र के संपत्तिकरदाताओं के लिए राहत भरी खबर है। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए महापौर श्रीमती सुनीता दयाल ने गृहकर (सम्पत्तिकर) में दी जा रही 20 प्रतिशत की छूट की अवधि को बढ़ाने की घोषणा की है। अब नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी भवन स्वामी 31 जनवरी 2026 तक यह छूट प्राप्त कर सकेंगे। नगर निगम द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, समस्त संपत्तिकरदाताओं को अपने-अपने भवनों पर निर्धारित सम्पत्तिकर नगर निगम कोष में जमा कराना अनिवार्य होता है। इसी क्रम में नगर निगम सदन द्वारा पहले से ही करदाताओं को प्रोत्साहित करने के



उद्देश्य से छूट का प्रावधान किया गया था। महापौर सुनीता दयाल ने नागरिकों की सुविधा और आर्थिक राहत को ध्यान में रखते हुए इस छूट की अवधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। महापौर ने कहा कि समय पर कर भुगतान से नगर निगम की आय में वृद्धि होती है, जिससे शहर के विकास कार्यों, स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और जनसुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है। साथ ही करदाताओं को आर्थिक लाभ भी मिलता है। इस निर्णय से उन नागरिकों को विशेष राहत मिलेगी, जो किसी कारणवश अभी तक अपना सम्पत्तिकर जमा नहीं कर पाए थे। नगर निगम प्रशासन ने सभी भवन स्वामियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने बकाया एवं चालू सम्पत्तिकर का भुगतान कर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं। समय पर कर जमा करने से न केवल व्यक्तिगत लाभ होगा, बल्कि शहर के समग्र विकास में भी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। महापौर के इस जनहितकारी निर्णय का शहरवासियों ने स्वागत करते हुए इसे आम जनता के हित में उठाया गया एक सराहनीय कदम बताया है।

# साहिबाबाद मंडी में रिकॉर्ड वसूली, बायोमास कोल्ड स्टोर से मिलेगा व्यापारियों को लाभ

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद स्थित नवीन फल एवं सब्जी मंडी ने राजस्व संग्रह के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले वर्ष अक्टूबर से चालू वर्ष अक्टूबर माह तक मंडी समिति ने तय लक्ष्य से लगभग तीन करोड़ रुपये अधिक की वसूली कर रिकॉर्ड कायम किया है। अधिकारियों के अनुसार यह सफलता सुदृढ़ प्रबंधन और पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है।

मंडी समिति के सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि बीते वित्तीय वर्ष में यूजर चार्ज के रूप में निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक राजस्व एकत्र किया गया। चालू वर्ष अक्टूबर माह तक मंडी समिति को 4.99 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 5.74 करोड़ रुपये की वसूली की गई। केवल अक्टूबर माह में ही तय लक्ष्य से 75 लाख रुपये अधिक यूजर चार्ज वसूल किया गया, जो मंडी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि कुल आय का लक्ष्य पिछले वर्ष अक्टूबर से इस वर्ष अक्टूबर तक 14.22 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जबकि मंडी समिति ने 17.20 करोड़ रुपये की आय अर्जित कर लक्ष्य से कहीं अधिक राजस्व संग्रह किया। इस रिकॉर्ड वसूली से मंडी के विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। मंडी सचिव के अनुसार नवीन फल एवं सब्जी मंडी में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बायोमास गैस से संचालित कोल्ड स्टोर स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। यह कोल्ड स्टोर 20 मीट्रिक टन क्षमता का होगा, जिससे व्यापारियों और किसानों को फल-सब्जियों के भंडारण में सुविधा मिलेगी।

# सरसों तेल व्यापारी से 45.67 लाख की कथित धोखाधड़ी, ट्रेडिंग कंपनी व सात पर केस

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सरसों के तेल के एक थोक व्यापारी के साथ साढ़े 45 लाख रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी ने दिल्ली की एक ट्रेडिंग कंपनी और उससे जुड़े लोगों पर बकाया राशि हड़पने, फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमानत कराने और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया है। अदालत के आदेश पर कविनगर थाने में सात नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नेहरू नगर द्वितीय निवासी ऋत्विक अग्रवाल ने बताया कि वह अपनी फर्म 'जितेंद्र ऑयल इंटरप्राइजेजज के माध्यम से सरसों के तेल का थोक कारोबार करते हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान नॉर्थ एक्स मॉडल टाउन, दिल्ली स्थित मैसर्स वेदी ट्रेडिंग कंपनी के संचालकों ने उनकी फर्म से बड़े पैमाने पर सरसों के तेल की खरीद की थी। समय बीतने के साथ आरोपियों पर माल के 45 लाख 67 हजार रुपये बकाया हो गए। ऋत्विक अग्रवाल के अनुसार भुगतान के नाम पर आरोपियों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एक चेक दिया, जो चार अप्रैल 2024 को खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण बाउंस हो गया। इस संबंध में उन्होंने पहले ही एनआई एक्ट के तहत चेक बाउंस का मामला दर्ज करा रखा है। व्यापारी का आरोप है कि इसके बावजूद आरोपियों ने भुगतान नहीं किया और उल्टे बिना पैसा चुकाए जीएसटी में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का क्लेम उठाकर सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचाया। मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब अदालत द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के दौरान आरोपियों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत की कार्रवाई कराई। ऋत्विक अग्रवाल का कहना है कि जमानत पर संदेह होने पर जब दस्तावेजों की तस्दीक कराई गई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

# वात्सल्य ग्राम में शारदा हॉस्पिटल का विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**वेलकम इंडिया**

**एनसीआर।** शारदा हॉस्पिटल द्वारा बुधवार को वृंदावन के सुप्रसिद्ध वात्सल्य ग्राम में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय शिविर परम पूजनीय दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी के अवतरण दिवस के अवसर पर मनाए जा रहे वात्सल्य महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। शारदा हॉस्पिटल के महाप्रबंधक गौरव पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर




दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी के आश्रम वात्सल्य ग्राम में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर के दौरान विशेष रूप से हड्डियों में कैल्शियम की जांच, रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच, मधुमेह की जांच हेतु ब्लड शुगर परीक्षण तथा नसों में कमजोरी की पहचान के लिए न्यूरोपैथी जांच की गई।

# मेवाड़ में साहित्य और पत्रकारिता का भव्य सम्मान, महामना को भावपूर्ण स्मरण

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर 21वां साहित्यकार एवं पत्रकार सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में सुविख्यात साहित्यकार डॉ. अनिल आर्य समेत छह वरिष्ठ पत्रकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ. अनिल आर्य को 'साहित्य भूषण सम्मानज प्रदान किया गया, जबकि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सरदाना को 'पत्रकार भूषण सम्मानज से सम्मानित किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी, डॉ. महकार सिंह, आशुतोष गुप्ता और अशोक कौशिक को 'पत्रकार गौरव सम्मानज प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित विभूतियों को शॉल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न एवं नकद राशि भेंट की गई। सम्मान वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष पद्मभूषण राम बहादुर राय, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया तथा निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल के करकमलों से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पद्मभूषण राम बहादुर राय ने अपने संबोधन में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मालवीय जी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अपने जीवन में आत्मसात किया और देश को दिशा देने का कार्य किया।

# नववर्ष 2026 में निवेशकों के लिए नई उम्मीदें, इक्विटी बाजार से बेहतर रिटर्न की संभावना

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नववर्ष 2026 भारत की अर्थव्यवस्था और पूंजी बाजार के लिए नई संभावनाओं और सकारात्मक संकेतों के साथ आरंभ हुआ है। फाइनेंशियल कंसलटेंट रविंद्र तिवारी का मानना है कि बीते दो वर्षों की चुनौतियों के बाद अब भारतीय इक्विटी मार्केट निवेशकों को बेहतर रिटर्न देने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 और 2025 वैश्विक अनिश्चितताओं, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण अपेक्षाकृत कठिन रहे, जिससे कई निवेशकों के लक्ष्य समय पर पूरे नहीं हो सके। रविंद्र तिवारी के अनुसार, हालांकि ये वर्ष चुनौतीपूर्ण रहे, लेकिन इन्हीं वर्षों ने बाजार को एक मजबूत आधार प्रदान किया है। निवेशकों ने इस दौरान अनुशासन, धैर्य और दीर्घकालिक दृष्टिकोण का महत्व समझा, जो भविष्य में बेहतर निवेश निर्णयों का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि बाजार में अस्थिरता ने निवेशकों को यह सिखाया कि अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से घबराने के बजाय सही रणनीति के साथ लंबे समय तक निवेशित रहना अधिक लाभकारी होता है। वर्ष 2026 को लेकर रविंद्र तिवारी का दृष्टिकोण उत्साहजनक है। उनके अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद वर्तमान में बेहद सुदृढ़ है। मजबूत घरेलू मांग, इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर निरंतर सरकारी निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेज प्रगति भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। इसके साथ ही कॉर्पोरेट अर्निंग्स में लगातार सुधार के संकेत मिल रहे हैं, जो इक्विटी बाजार के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन निवेशकों के लक्ष्य और अपेक्षित रिटर्न 2024 और 2025 में पूरे नहीं हो पाए, उनके 2026 में हासिल होने की पूरी संभावना है। विशेष रूप से वे निवेशक जो नियमित निवेश, सही एसेट एलोकेशन और लंबी अवधि की रणनीति के साथ बाजार में बने रहे, उन्हें आने वाले समय में इसका लाभ मिल सकता है। रविंद्र तिवारी ने यह भी उल्लेख किया कि भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में तेजी से उभरती हुई शक्ति बन चुका है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका, विदेशी निवेशकों का बढ़ता भरोसा और स्थिर नीतिगत ढांचा देश को दीर्घकालिक निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाता है। यही कारण है कि वैश्विक निवेशक भी भारत को लेकर आशावादी नजर आ रहे हैं। निवेशकों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि 2026 में सफलता की कुंजी अनुशासन, धैर्य और सही मार्गदर्शन है। बिना योजना के निवेश करने या बाजार की अफवाहों के आधार पर फैसले लेने से बचना चाहिए। लक्ष्य आधारित निवेश, जोखिम के अनुसार एसेट एलोकेशन और पेशेवर वित्तीय सलाह के साथ आगे बढ ?ा समय की मांग है। उन्होंने यह भी कहा कि इक्विटी निवेश को हमेशा दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के दृष्टिकोण से देखना चाहिए, न कि त्वरित लाभ के साधन के रूप में। अपने नववर्ष संदेश में रविंद्र तिवारी ने सभी निवेशकों, सहयोगियों और पाठकों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह वर्ष सभी के लिए स्वास्थ्य, समृद्धि और निवेश में सफलता लेकर आएगा। उनका मानना है कि सही सोच, सही रणनीति और धैर्य के साथ किया गया निवेश न केवल आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि भविष्य के सपनों को साकार करने का मजबूत माध्यम भी बनता है।

